* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12 मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 241

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज :** पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में करेंगे योग






## गडकरी ने करनाल में ग्रीन फील्ड 6 लेन रिंग रोड का किया शिलान्यास

**करनाल।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को करनाल में ग्रीन फील्ड 6 लेन रिंग रोड प्रोजेक्ट की शुरुआत का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में उनकी टीम 100 रोड प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। दिसंबर 2024 तक हरियाणा की सड़कें अमेरिका जैसी बन जायेंगी। गडकरी ने कहा कि पानीपत में इंडियन ऑयल की तरफ से बायो फ्यूल बनाने का काम शुरू हो गया है। इसका 2% फ्यूल जहाज में इस्तेमाल होगा। हमारी कोशिश है कि बायो फ्यूल को इतना बढ़ावा दिया जाये कि पेट्रोल की जरूरत ही न पड़े। तभी हम पेट्रोल के रेट 15 रुपये प्रति लीटर कर पायेंगे।

**रथयात्रा :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाएं

# भगवान जगन्नाथ गये मौसीबाड़ी

- राधाकृष्णन और हेमंत समेत सैकड़ों लोगों ने खींचा रथ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को रथ मेला शुरू हो गया। जगन्नाथपुर में भगवान की रथ यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। सुबह से पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा रहा। राज्यापाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शाम को जगन्नाथपुर मंदिर पुहुंचे। दोनों ने भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की विधिवत पूजा-अर्चना की। झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा प्रगति की प्रार्थना की। राज्य के लोगों को शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पारंपरिक भेष-भूषा में दिखे। इस मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जयसवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने खींचा रथ :** मंगलवार शाम 5 बजे मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी के लिए रथ पर सवार होकर रवाना हुए। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक समेत सैकड़ों की संख्या में आम लोगों ने रथ को खींचा। इसी के साथ जगन्नाथ स्वामी की जयकारों से जगन्नाथपुर मेला परिसर गूंज उठा।



भगवान जगन्नाथ राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। साथ ही सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।- सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल



भगवान जगन्नाथ सभी राज्यवासियों पर कृपा बनाये रखें। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

**146वीं रथयात्रा निकाली जा रही :** हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यह रथ यात्रा निकलती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर जाते हैं। पुरी की तर्ज पर रांची के जगन्नाथपुर मंदिर से भी रथ यात्रा निकाली जाती है। इस बार भगवान जगन्नाथ की 146वीं रथयात्रा निकाली जा रही है। रथ मेला पूरे नौ दिन तक चलेगा।

## हजारीबाग के रथ मेला में वज्रपात दो लोगों की मौत, दर्जनभर घायल

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सिलवार स्थित जगन्नाथ पहाड़ी मंदिर के पास मंगलवार की शाम करीब 5.30 बजे वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गयी। इनमें एक सिलवार के रहने वाले मंदिर के पुजारी विजय पांडेय का बेटा सुधांशु उर्फ धोनी (14 वर्ष) शामिल है। दूसरे मृतक का नाम अरुण कुमार (15 वर्ष) है। इस घटना में दर्जनभर लोग घायल हो गये। सभी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दारू पेटो के भोला राणा (20 वर्ष), चुरचू आंगो के सोमर मुर्मू (18 वर्ष), सिंदूर के अजय कुमार (13 वर्ष), पेटो के आकाश वर्मा, प्रमिला देवी आदि शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शाम सात बजे रथयात्रा की तैयारी थी। मंदिर के पास श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी हुई थी। इसी बीच मंदिर के बगल में बरगद पेड़ पर अचानक वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में कई लोग आ गये। वहीं, हजारीबाग के ही केरेडारी में मंगलवार को दोपहर में हुए वज्रपात की चपेट में आने से बुंडू पंचायत के मंडा टांड़टोला निवासी सूरज (10 वर्ष) की मौत हो गयी। उधर,मेरू में भी वज्रपात हुआ। उसमें चार लोगों के घायल होने की सूचना है।

# अमेरिका दौरे पर मोदी रिश्तों को देंगे मजबूती

- 72 घंटे में 10 कार्यक्रम, न्यूयॉर्क में योग करेंगे, बाइडेन के साथ डिनर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली / वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को तीन दिन के अमेरिका दौरे पर रवाना हुए। यह उनकी पहली स्टेट विजिट है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें स्टेट विजिट के लिए आमंत्रित किया है। इस दौरान वे 72 घंटे में 10 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और न्यूयॉर्क में योग भी करेंगे। मोदी अब तक के दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री और तीसरे बड़े नेता हैं, जिन्हें अमेरिका की तरफ से इस विजिट के लिए आमंत्रित किया गया है। इससे पहले 1963 में राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन और 2009 में मनमोहन सिंह स्टेट विजिट पर अमेरिका गये थे।

**फ्री इंडो-पैसेफिक के लिए मिलकर काम कर रहे :** अमेरिका रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि भारत-अमेरिका के बीच गहरे संबंध हैं। हर क्षेत्र में हमारी भागीदारी लगातार बढ़ी है। अमेरिका गुड्स एंड सर्विसेज में हमारा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। इसके अलावा, साइंस, टेक्नोलॉजी, हेल्थ और डिफेंस के क्षेत्र में भी हम सहयोगी हैं। दोनों देश इंडो-पैसेफिक को फ्री



और ओपन बनाने की तरफ भी साथ मिल कर काम कर रहे हैं। मोदी ने लिखा कि राष्ट्रपति बाइडेन और दूसरे वर्ड लीडर्स के साथ मेरी बातचीत दोनों देशों के बीच बाइलेट्रल रिलेशन को और आगे लेकर जायेगी। मुझे विश्वास है कि अमेरिका की मेरी यात्रा डेमोक्रेसी, डायवर्सिटी और आजादी के मूल्यों पर आधारित हमारे संबंधों को और मजबूत करेगी। हम वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए एक साथ मजबूती से खड़े हैं।

**न्यूयॉर्क में एलन मस्क से मिलेंगे रेंद्र मोदी :** न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 24 दिग्गज हस्तियों से मुलाकात करेंगे। इनमें नोबेल पुरुस्कार, इकोनॉमिस्ट, आर्टिस्ट, साइंटिस्ट, स्कोलर और बिजनेस मैन शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक वो टेस्ला के को-फाउंडर एलन मस्क और मशहूर एस्ट्रोफिजिसिस्ट यानी खगोलशास्त्री नील डिग्रास टायसन से भी मिलेंगे। योग दिवस पर प्रधानमंत्री न्यूयार्क में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।



# दुखद है गीता प्रेस को सम्मान दिये जाने के फैसले पर राजनीति

## ▪ हर मुद्दे को राजनीति के चश्मे से देखना हो सकता है नुकसानदेह

## ▪ दुनिया की सबसे बड़ी प्रकाशक संस्था को देश के सबसे बड़े नेता के नाम पर स्थापित सम्मान देने का फैसला एकदम सही है

**आजाद सिपाही विशेष**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने गोरखपुर में 103 साल पहले स्थापित गीता प्रेस को इस साल का गांधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है। इस घोषणा का कांग्रेस ने विरोध किया है और कहा है कि गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिया जाना सावरकर और गोडसे को पुरस्कृत करने जैसा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश की इस टिप्पणी की चौतरफा निंदा हो रही है और यह होनी भी चाहिए, क्योंकि गांधी शांति पुरस्कार को राजनीतिक चश्मे से देखना कहीं से भी सही नहीं है। आज 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में गीता प्रेस की स्थिति यह है कि उसके द्वारा प्रकाशित कोई न कोई किताब हर हिंदू धर्मावलंबी के घर में जरूर मिलेगी। अपने 103 साल के कार्यकाल में इस प्रकाशन संस्थान ने 50 करोड़ से अधिक किताबें प्रकाशित की हैं और कई पत्र-पत्रिकाओं का नियमित प्रकाशन आज भी यहां से होता है। इस संस्थान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी किताबें बेहद सस्ती होती हैं, यानी गीता प्रेस आज भी बाजार की प्रतिस्पर्द्धा से अलग रास्ते पर चल रहा है। गीता प्रेस प्रबंधन ने गांधी शांति पुरस्कार के तहत मिलनेवाली एक करोड़ रुपये की रकम को स्वीकार करने से मना कर दिया है, क्योंकि उसे लगता है कि यह उसके पवित्र लक्ष्य के रास्ते में एक भटकाव के जैसा साबित हो सकता है। यह सहृदयता गीता प्रेस जैसा संस्थान ही दिखा सकता है, जो महात्मा गांधी के जीवन दर्शन के अनुकूल है। क्या है गीता प्रेस और क्या है गांधी शांति पुरस्कार, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

गोरखपुर के प्रख्यात प्रकाशन संस्थान गीता प्रेस को इस साल का गांधी शांति पुरस्कार दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशन संस्थान को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना है। गीता प्रेस को यह पुरस्कार 'अहिंसक और दूसरे गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में योगदान' के लिए दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, गीता प्रेस ने एक सौ साल में लोगों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने की दिशा में काफी सराहनीय काम किया है। गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित संस्था या व्यक्ति को एक करोड़ की राशि भी दी जाती है। गीता प्रेस अपनी परंपरा के मुताबिक किसी भी सम्मान को स्वीकार नहीं करता है। हालांकि इसकी बोर्ड मीटिंग में तय हुआ है कि परंपरा को तोड़ते हुए पुरस्कार स्वीकार किया जायेगा, लेकिन इसके साथ मिलनेवाली धनराशि नहीं ली जायेगी।

### कांग्रेस ने शुरू की राजनीति

कांग्रेस ने गीता प्रेस को पुरस्कार दिये जाने के फैसले की आलोचना की है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिये जाने की तुलना सावरकर और गोडसे को पुरस्कृत करने से की है। उन्होंने ट्वीट किया कि गीता प्रेस की जीवनी में महात्मा गांधी के साथ इसके संबंधों और राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक मोर्चों पर चल रही लड़ाइयों का पता चलता है।

उधर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी दिक्कत है कि वह परिवार के घोंसले और नेता के चोंचले से बाहर नहीं निकल पा रही है। नकवी ने कहा कि उन्हें लगता है कि सारे नोबेल पुरस्कार, सारे सम्मान सिर्फ एक ही परिवार के घोंसले में सीमित रहने चाहिए। गीता प्रेस ने देश के संस्कार, संस्कृति और देश की समावेशी सोच को सुरक्षित रखा है।

### दुनिया की सबसे बड़ी प्रकाशन संस्था है गीता प्रेस

गीता प्रेस हिंदू धार्मिक ग्रंथों की दुनिया की सबसे बड़ी प्रकाशक संस्था है। इसकी स्थापना उत्तरप्रदेश के गोरखपुर में हुई थी। 29 अप्रैल 1923 को जय दयाल गोयनका, घनश्याम दास जालान और हनुमान प्रसाद पोद्दार ने मिल कर इसकी स्थापना की थी। गीता प्रेस की स्थापना का उद्देश्य सनातन धर्म के सिद्धांतों को बढ़ावा देना था। हनुमान प्रसाद पोद्दार गीता प्रेस की 'कल्याण' मैग्जीन के आजीवन संपादक भी थे। अपनी स्थापना के पांच महीने बाद ही गीता प्रेस ने छह सौ रुपये में प्रिंटिंग मशीन खरीद ली थी। गीता प्रेस के पास साढ़े तीन हजार से अधिक पांडुलिपियां मौजूद हैं। वास्तव में गीता प्रेस गोविंद भवन कार्यालय की एक यूनिट है, जिसे सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 (अब पश्चिम बंगाल सोसायटीज एक्ट, 1960) के तहत निबंधित किया गया था। अब तक यहां से 41.7 करोड़ से ज्यादा किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। ये किताबें हिंदी के अलावा मराठी, गुजराती, ओड़िया, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, नेपाली, अंग्रेजी, बांग्ला, तमिल, असमिया और मलयालम समेत 14 भाषाओं में हैं। गीता प्रेस अब तक 16.21 करोड़ से ज्यादा तो श्रीमद्भगवद्गीता की कॉपियां छाप चुका है। इसके अलावा 11.73 करोड़ तुलसीदास की रचनाएं और 2.68 करोड़ पुराण और उपनिषद की कॉपियां छापी हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसकी किताबें बेहद सस्ती होती हैं। इसलिए भारत के हर हिंदू घर में गीता प्रेस की मौजूदगी है। हर घर में गीता प्रेस से प्रकाशित कोई न कोई किताब जरूर मिलेगी।



### कैसे होता है यहां काम

गीता प्रेस का प्रबंधन गवर्निंग काउंसिल या ट्रस्ट बोर्ड संभालता है। गीता प्रेस न तो चंदा मांगता है और न ही विज्ञापन लेता है। इसका सारा खर्च समाज के लोग ही उठाते हैं। ये वो लोग और संस्थाएं हैं, जो छपाई में लगनेवाले सामान किफायती कीमतों में उपलब्ध करवाते हैं। यहां पर हर दिन की शुरुआत प्रार्थना से होती है। एक व्यक्ति बार-बार यहां घूमता रहता है और लोगों को भगवान का नाम लेने की याद दिलाता रहता है। इस संस्थान के इतिहास में दिसंबर 2014 में एक बार आंदोलन हुआ था। उस समय गीता प्रेस के कर्मचारी धरने पर बैठ गये थे। कर्मचारियों का यह धरना सैलरी को लेकर था। इसके बाद गीता प्रेस ने तीन कर्मचारियों को निकाल भी दिया था। हालांकि बाद में कर्मचारी संगठन और गीता प्रेस के ट्रस्टीज के बीच हुई बैठक में इस मसले को सुलझा लिया गया। गीता प्रेस ने उन तीनों कर्मचारियों को भी वापस काम पर रख लिया था। गीता प्रेस के इतिहास में यह पहली बार था, जब यह लगभग तीन हफ्तों तक बंद रहा था। कर्मचारियों की मांगें मानने के बाद गीता प्रेस में फिर से काम शुरू हो पाया था।

### क्या-क्या छापता है गीता प्रेस?

यहां पर हिंदू धार्मिक ग्रंथों की छपाई होती है। इनमें श्रीमद्भगवद्गीता, रामचरितमानस, रामायण, पुराण, उपनिषद, तुलसीदास और सूरदास के साहित्य छपते हैं। इनके अलावा बच्चों में धर्म की समझ बढ़ाने वाली किताबें भी यहां छपती हैं। यह संस्था अब तक बच्चों के लिए 11 करोड़ से ज्यादा किताबें छाप चुकी है। गीता प्रेस हर महीने 'कल्याण' नाम से एक पत्रिका भी निकालती है। इसमें भक्ति, ज्ञान, योग, धर्म, वैराग्य, आध्यात्म जैसे विषय होते हैं। साथ ही हर साल किसी खास विषय या शास्त्र को कवर करनेवाला विशेष अंक भी निकलता है।

### अब बात गांधी शांति पुरस्कार की

गांधी शांति पुरस्कार की शुरूआत 1995 में केंद्र सरकार की ओर से की गयी थी। हर साल यह पुरस्कार महात्मा गांधी के आदर्शों के प्रति याद के तौर पर दिया जाता है। यह पुरस्कार किसी को भी मिल सकता है, यानी जरूरी नहीं कि भारतीयों या भारतीय संगठन को ही यह पुरस्कार मिले। इस पुरस्कार के तहत एक करोड़ रुपये की रकम, प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका दी जाती है। इसरो, रामकृष्ण मिशन, बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक, विवेकानंद केंद्र, अक्षय पात्र, एकल अभियान ट्रस्ट और सुलभ इंटरनेशनल जैसे संस्थानों को यह पुरस्कार मिल चुका है। इतना ही नहीं, 2019 में यह पुरस्कार ओमान के सुल्तान कबूस बिन सईद अल सईद को मिला था। 2020 में बांग्लादेश के बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान को यह पुरस्कार दिया गया था।

### हर मुद्दे पर राजनीति उचित नहीं

हर मामले को राजनीतिक रंग में डुबोने की ताक में रहना भारतीय राजनेताओं की फितरत सी बनती जा रही है। खास कर कांग्रेस की अगुवाई में तमाम विपक्षी दल इस बीमारी से ग्रस्त हो गये लगते हैं। गीता प्रेस को पुरस्कार देने की घोषणा पर कांग्रेस की टिप्पणी को इसी नजरिये से देखा जा रहा है। गीता प्रेस को पुरस्कार देने के फैसले पर कांग्रेस द्वारा शुरू की गयी राजनीति की देश भर में आलोचना हो रही है। पार्टी के ही कई नेताओं ने जयराम रमेश की टिप्पणी को अनावश्यक और नुकसानदेह बताया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने तो यहां तक कह दिया कि रमेश की टिप्पणी 2019 में मणिशंकर अय्यर द्वारा पीएम मोदी के लिए की गयी टिप्पणी से भी अधिक नुकसानदेह साबित हो सकती है। राजनेताओं को राजनीतिक दलों की कार्यशैली या उनके कार्यक्रमों को लेकर आपत्ति हो सकती है, पर किसी भी संस्था को बेवजह विवादों में घसीटना अशोभनीय ही कहा जायेगा। यह सही है कि आज के दौर में राजनीतिक दलों और नेताओं की रणनीति वोट बैंक की चिंता और सुर्खियां बटोरने की आतुरता के इर्द-गिर्द घूमती है। लेकिन राजनेताओं से यह तो अपेक्षा की ही जाती है कि वे बयान सोच-समझ कर दें।

---

# योग के सर्वोच्च विज्ञान की प्रशंसा में कुछ शब्द

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष**

**संध्या एस नायर**

*तपस्विभ्योऽधिको योगी, ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः। कर्मिभ्यश्चाधिको योगी, तस्माद्योगी भवार्जुन।।*

*(योगी को शरीर पर नियंत्रण करने वाले तपस्वियों, ज्ञान के पथ पर चलने वालों से भी अथवा कर्म के पथ पर चलने वालों से भी श्रेष्ठ माना गया है; हे अर्जुन, तुम योगी बनो!)*


**— श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 6, श्लोक 46**

जब श्री श्री परमहंस योगानंदजी ने महर्षि व्यास विरचित श्रीमद्भगवद्गीता पर अपनी बृहत व्याख्या, 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' को प्रत्येक सच्चे जिज्ञासु में 'अर्जुन-भक्त' को समर्पित किया तो संभवतः महान योगी दिव्य अवतार श्रीकृष्ण के वचनों की पुष्टि कर रहे थे, जब उन्होंने सभी आध्यात्मिक मार्गों में सर्वोच्च योग के राजमार्ग की प्रशंसा की तथा वैज्ञानिक योगी को किसी अन्य मार्ग का अनुसरण करने वालों की अपेक्षा श्रेष्ठ बताया।

ईश्वर को प्राप्त करने के धीमे, अनिश्चित, और 'बैलगाड़ी' के आध्यात्म विद्या मार्ग की तुलना में योग अथवा प्राणशक्ति का नियंत्रण ईश्वर-साक्षात्कार का प्रत्यक्ष, सबसे छोटा, और 'वायुयान' मार्ग है। यह एक ऐसा साधन है, जिसके माध्यम से मानवीय विकास की गति को तीव्र किया जा सकता है।

अपनी आध्यात्मिक उत्कृष्ट पुस्तक 'योगी कथामृत' में योगानंदजी बताते हैं कि किस प्रकार से क्रियायोग की वैज्ञानिक प्रविधि का निष्ठापूर्वक अभ्यास करने वाला योगी धीरे-धीरे कर्म अथवा 'कार्य-कारण संतुलन की न्यायसंगत शृंखला' से मुक्त हो जाता है।

हिमालय के अमर योगी, महावतार बाबाजी ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित क्रियायोग के प्राचीन विज्ञान की पुनः खोज की और उसका स्पष्टीकरण किया। बाबाजी ने अपने शिष्य लाहिड़ी महाशय से यह मुक्तिदायक सत्य कहा था, 'इस उन्नीसवीं शताब्दी में जो क्रियायोग मैं विश्व को तुम्हारे माध्यम से दे रहा हूं, यह उसी विज्ञान का पुनरुत्थान है, जो श्रीकृष्ण ने सहस्त्राब्दियों पूर्व अर्जुन को दिया था और जो बाद में पतंजलि और इसा मसीह को ज्ञात था'। लाहिड़ी महाशय ने योगानंदजी के गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि सहित अपने विभिन्न श्रेष्ठ शिष्यों को इस प्रविधि की शिक्षा प्रदान की।




संयोगवश सन 1894 में कुंभ मेले में बाबाजी स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी से मिले थे। बाबाजी ने योग विज्ञान में प्रशिक्षित करने के लिए उनके पास एक शिष्य भेजने का वचन भी दिया था, जिन्हें कालांतर में पाश्चात्य जगत में शिक्षाओं का प्रसार करना था। उन्होंने करुणापूर्वक यह पुष्टि की थी, 'वहां के अनेक मुमुक्षुओं के ज्ञानपिपासु स्पंदन बाढ़ की भांति मेरी ओर आते रहते हैं।'

इस दिव्य वचन की पूर्ति तब हुई थी, जब योगानंदजी ने सौ से भी अधिक वर्षों पूर्व मुक्त गुरुओं की इच्छानुसार शुद्ध और मूल रूप में क्रियायोग का प्राचीन विज्ञान संसार को प्रदान करने के लिए योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना की थी। क्रियायोग का निष्ठापूर्वक अभ्यास करने से अहम, मन और प्राणशक्ति का आरोहण उसी मेरुदंडीय मार्ग से होता है, जिससे शरीर में आत्मा का अवरोहण हुआ था। योगानंदजी ने अत्यंत स्पष्ट रूप से यह बताया है कि इस प्रकार से मेरुदंडीय मार्ग 'सीधा राजमार्ग है तथा पृथ्वी पर अवरोहित सभी नश्वर प्राणियों को मुक्ति प्राप्त करने के लिए इस राजमार्ग के माध्यम से ही अंतिम आरोहण करना आवश्यक है।'

एक सच्चा योगी तब तक ध्यान करता रहता है, जब तक कि वह ईश्वर के साथ आंतरिक सामंजस्य को प्राप्त नहीं कर लेता। इस प्रकार उसकी सभी बाह्य गतिविधियां अथवा सेवाएं अहम के द्वारा प्रेरित नहीं होती हैं, अपितु वह आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार के जीवन के सूक्ष्मतम विवरण में भी स्वेच्छा से ईश्वरीय इच्छा का पालन करता है।

एक सच्चा योगी ईश्वर को 'नित्य-वर्तमान, नित्य-चैतन्य, नित्य-नवीन-आनंद' के रूप में जानता है। स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी ने स्पष्ट रूप से यह कहा है कि प्राचीन योगियों ने यह पता लगा लिया था कि ब्रह्मचैतन्य का रहस्य श्वास-नियंत्रण के साथ घनिष्ठता से जुड़ा हुआ है। उच्चतर कार्यों के लिए प्राणशक्ति को किसी ऐसी प्रविधि की सहायता से श्वास की अनवरत आवश्यकता से मुक्त करना आवश्यक है, जो श्वास को शांत और निःस्तब्ध कर सके। इस प्रकार योग केवल ध्यान का विज्ञान ही नहीं, अपितु आत्म-रूपांतरण–शरीर-बद्ध अहम का शुद्ध दिव्य आत्मा में रूपांतरण–का विज्ञान भी है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आइए हम मानव विकास के इस प्राचीन ज्ञान को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने में प्राचीन भारत की भूमिका को पुनः दृढ़ता प्रदान करें।

---

## यूपीएससी बोर्ड की बैठक में लिया गया फैसला

# झारखंड के 24 डीएसपी को आइपीएस में प्रोन्नति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के डीएसपी रैंक के 24 अधिकारियों की आइपीएस में प्रोन्नति हो गयी है। यूपीएससी ने इस बाबत हुई बैठक में राज्य में पुलिस अधिकारियों की कमी को देखते हुए इस पर मुहर लगा दी है। इससे अब प्रदेश कैडर में आइपीएस अधिकारियों की संख्या बढ़कर 149 हो जायेगी। अभी राज्य में 125 आइपीएस तैनात हैं। यूपीएससी प्रोन्नति की कार्रवाई पूरी कर जल्द ही आइपीएस अधिकारियों की सूची राज्य सरकार को भेज देगा। यूपीएससी बोर्ड की बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के अलावा गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अजय कुमार सिंह शामिल हुए। सभी की सहमति के बाद राज्य के 24 डीएसपी की प्रोन्नति पर मुहर लगी। बोर्ड को पहले ही सभी डीएसपी का बायोडाटा और 10 वर्षों की रिपोर्ट उपलब्ध करा दी गयी थी। उनकी जांच के बाद 24 पुलिस अधिकारियों के नाम की मुहर लग गयी।

### इन अधिकारियों को मिली है पदोन्नति

यूपीएससी की बैठक में जिन अधिकारियों को प्रोन्नति की मुहर लगी है, उनमें द्वितीय बैच के डीएसपी अरविंद कुमार, विकास कुमार पांडेय, सादिक अनवर रिजवी और विजय आशीष शामिल हैं। तीसरे बैच के डीएसपी दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार-1, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, विमल कुमार और अविनाश कुमार को प्रोन्नति दी गयी है। खेल कोटा से नियुक्त सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का को भी प्रोन्नति मिली है। इनमें वैसे अधिकारियों को शामिल नहीं किया गया है, जो सीबीआइ जांच के दायरे में है।

## तीस फीट गहरे गड्ढे में फंसे दो मजदूर, 11 घंटे बाद निकाली गयी लाश

जामतड़ा। मनरेगा के तहत कुएं की चारदीवारी बनाते हुए बड़ा हादसा हुआ। दो मजदूर तीस फीट गहरे कुएं में दब गये। रेस्क्यू ऑपरेशन 11 घंटे के बाद खत्म हो गया। दोनों मजदूरों की लाश बाहर निकाली गयी है। जामताड़ा के मिहिजाम थाना क्षेत्र के शाहरदाल के निकट कोल पाड़ा में मनरेगा के तहत कुएं में काम कर रहे दो मजदूरों मलबे में दबे थे। घटना मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे की है। घटना के वक्त तीन मजदूर कुंए की चहारदीवारी निर्माण कार्य कर रहे थे। दो मजदूर कुंए के भीतर चारदीवारी निर्माण में लगे थे और एक मजदूर बाहर से मदद कर रहा था। बताया जा रहा है कि काम के दौरान अचानक बाहर की दिवार धंस गयी। अचानक दिवार धंस गयी और दोनों मजदूर 30 फिट गहरे कुंए में गिर गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.8 °C | 24.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |



## राजभवन में पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस का आयोजन

# देश की आजादी में पश्चिम बंगाल का अहम योगदान : राज्यपाल

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अद्वितीय रहा है : राज्यपाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल का अहम योगदान रहा है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ पश्चिम बंगाल विचारों, कलाओं और परंपराओं का गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अद्वितीय रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस भूमि ने कई महान विचारक, लेखक, कवि और क्रांतिकारी दिये हैं, जिन्होंने अमिट छाप छोड़ी है। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में आयोजित पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि झारखंड राज्य के विकास में आप सभी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, फिर भी अनेक विभिन्नताओं के बावजूद हम सब एक हैं।

विविधता में एकता हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं की भाषा, संस्कृति के साथ दूसरे की भाषा और संस्कृति का भी सम्मान करना चाहिए। इस दिशा में एक भारत, श्रेष्ठ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों के मध्य आपसी एकता को और प्रगाढ़ करना है। साथ ही सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत आज राजभवन में पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी ने कहा कि झारखंड 1912 तक बंगाल प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। इसलिए यहां रहनेवाले बांग्ला समुदाय के लोग अपने को यहीं के मानते हैं। बंगाली और संताली समाज एक-दूसरे से घुले-मिले हैं। बांग्ला साहित्य और संस्कृति अत्यंत समृद्ध हैं। यहां के विभिन्न क्लबों में साहित्य-संस्कृति को सहेजने और विकास के लिए अक्सर कार्यक्रम होता है। यूनियन क्लब में निःशुल्क बांग्ला सिखाया जाता है।

स्वागत भाषण करते हुए राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि पश्चिम बंगाल का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान रहा है। इसकी साहित्य और संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

### राष्ट्रपति को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने मंगलवार को ईश्वर से राष्ट्रपति के अच्छे स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना की है।**

## सीएम के देवघर दौरे के मद्देनजर जिले के अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

# 27 जून को सिकटिया मेगा लिफ्ट इरिगेशन योजना का शिलान्यास करेंगे सीएम हेमंत

**देवघर जिले के सारठ प्रखंड में करेंगे शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 जून को देवघर जिले के सारठ प्रखंड स्थित 524 करोड़ रुपये की लागत वाली सिकटिया मेगा लिफ्ट इरिगेशन योजना का शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस कप्तान सुभाष चंद्र जाट, एसडीओ आशीष अग्रवाल, सारठ विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता परिमल सिंह उर्फ भूपेन सिंह ने संयुक्त रूप से हेलीपैड, सभास्थल और रुटलाइन का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष इश्तियाक मिर्जा, सारठ प्रखंड अध्यक्ष लखेश्वर मुर्मू, सचिव अनिल सिंह, कुलदीप सिंह, रामकिशोर मंडल, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, बीडीओ, सीओ समेत सभी विभागीय कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू को दी जन्मदिन की बधाई

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओड़िशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव में एक संथाली आदिवासी परिवार में हुआ था। मुख्यमंत्री सोरेन ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है- देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **वृष** — जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, आर्थिक लाभ।
- **मिथुन** — गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** — भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** — धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।
- **कन्या** — आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** — किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।
- **मकर** — साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा
- **कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** — स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

# आज विष्णु अग्रवाल से इडी करेगी पूछताछ, जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को 26 जून को बुलाया

**अधिवक्ता हिमांशु मेहता को भी पूछताछ के लिए 28 जून को बुलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में जमीन घोटाले में मनी लाउंड्रिंग के तहत इडी जांच कर रही है। इस मामले में इडी न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल से बुधवार को पूछताछ करेगी। पूर्व में विष्णु अग्रवाल को आठ मई को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। वे इडी कार्यालय गये भी थे, लेकिन बीमारी की वजह से उन्होंने समय की मांग की थी। इडी उनसे रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन और प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा फर्जीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों के बारे में जानकारी लेगी।

### जेल अधीक्षक को इडी का समन

वहीं, बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार के अधीक्षक हामिद अख्तर को एक बार फिर से इडी ने समन जारी कर 26 जून को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय में उपस्थित होने का समन जारी किया है। इडी ने अधिवक्ता हिमांशु मेहता को भी पूछताछ के लिए 28 जून को उपस्थित होने का समन जारी किया है। बता दें कि इससे पूर्व दो बार फरवरी और मार्च में इडी ने जेल अधीक्षक को समन जारी कर पूछताछ के लिए इडी कार्यालय बुलाया था लेकिन इडी के अधिकार को चुनौती देते हुए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर करने की बात कहकर वह इडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इडी 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद कई आरोपियों के जेल मैनुअल के उल्लंघन को लेकर जेल अधीक्षक से सीसीटीवी फुटेज मांग रही है।

हालांकि जेल अधीक्षक ने इस मामले में इडी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देते हुए इडी कोर्ट में मामला दायर किया था। बाद में इडी कोर्ट ने जेल अधीक्षक को सीसीटीवी फुटेज सौंपने का निर्देश दिया था, लेकिन इसके खिलाफ जेल अधीक्षक हाइकोर्ट चले गये। इसी को आधार बनाते हुए पिछले दो समन में जेल अधीक्षक इडी के सामने उपस्थित नहीं हुए हालांकि इन दो समन के पूर्व गत वर्ष पांच दिसंबर 2022 को वह इडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ में शामिल हो चुके हैं। इडी ने तब उनसे जेल का सीसीटीवी फुटेज मांगा था, लेकिन उन्होंने नहीं दिया, इडी को सूचना मिली थी कि जेल में रहते हुए मनी लांड्रिंग के गिरफ्तार आरोपित जेल मैनुअल का उल्लंघन कर रहे हैं। मोबाइल फोन सहित वह सभी सुविधाएं भोग रहे हैं, जो जेल मैनुअल के विरुद्ध है।

### जेएसइबी के पूर्व अध्यक्ष की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मंगलवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना, सिकिदिरी के रखरखाव और मरम्मत में 20.87 करोड़ रुपये के हुए घोटाला मामले में झारखंड राज्य बिजली बोर्ड (जेएसइबी) के पूर्व अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा की याचिका खारिज कर दी है। पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। सीबीआइ कोर्ट ने इस मामले में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), भोपाल के तीन वरीय पदाधिकारी और जेएसइबी के तत्कालीन अध्यक्ष शिवेंद्र नाथ वर्मा समेत सात लोगों के खिलाफ 17 जनवरी 2023 को आरोप तय किये थे।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कल आयेंगे गिरिडीह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार (22 जून) को रांची होते हुए गिरिडीह पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे झंडा मैदान में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने मंगलवार को दी। केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत नड्डा का कार्यक्रम गिरिडीह में तय हुआ है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के अलावा बोकारो विधायक विरंची नारायण कैंप किये हुए हैं। वह मंडल के अध्यक्ष के अलावा सातों मोर्चा के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला पदाधिकारी सहित प्रमुख लोगों संग बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।

कार्यक्रम में 65 मंडल इकाई के भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। सात विधानसभा क्षेत्र क्रमशः गिरिडीह, गांडेय, जमुआ, धनवार, बगोदर, डुमरी और कोडरमा से पूर्ण रूप से लोग शामिल होंगे, जबकि टुंडी, बाघमारा, बेरमो और गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोग आंशिक रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, क्षेत्रीय महामंत्री संगठन नागेंद्रनाथ त्रिपाठी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे।

# जोसा काउंसिलिंग 2023 के लिए ब्रदर्स एकेडेमी ने श्रेणीवार ओपनिंग-क्लोजिंग रैंक जारी की

**छात्रों को यथार्थवादी लक्ष्यों को निर्धारित करने और उनकी जोसा काउंसिलिंग में प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ब्रदर्स एकेडेमी ने जोसा काउंसिलिंग 2023 के लिए श्रेणीवार ओपनिंग-क्लोजिंग रैंक जारी की है। इन रैंकों को सावधानीपूर्वक संकलित किया गया है जो पिछले वर्ष के प्रवेश के राउंड -4 में देखे गये रुझानों के आधार पर है। बदर्स एकेडेमी का कहना है कि यह जानकारी उन सभी छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, जो इस वर्ष जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से आइआइटी, एनआइटी, आइआइआइटी, और अन्य जीएफटीआइ के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश हासिल करने की संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं। ब्रदर्स एकेडेमी का कहना है कि यह पहल छात्रों को यथार्थवादी लक्ष्यों को निर्धारित करने और उनकी जोसा काउंसिलिंग में प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनायेगी। ओपनिंग और क्लोजिंग रैंक को समझ कर, छात्र प्रतिस्पर्धा के स्तर को बेहतर ढंग से माप सकते हैं और तदनुसार अपनी प्राथमिकताओं की योजना बना सकते हैं। यह जानकारी उनकी पसंद के पाठ्यक्रमों और संस्थानों के बारे में निर्णय लेने में भी उनकी सहायता कर सकती है। बता दें कि ब्रदर्स एकेडेमी शैक्षणिक उत्कृष्टता की खोज में छात्रों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसका लक्ष्य व्यापक मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करना है, जो छात्रों को आत्मविश्वास से भरे विकल्प बनाने और उनकी शैक्षिक आकांक्षाओं को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। ब्रदर्स एकेडेमी का मानना है कि श्रेणी-वार ओपनिंग-क्लोजिंग रैंक जारी करना इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करेगा। ब्रदर्स एकेडेमी शिक्षा में सही मार्ग चुनने के महत्व को समझती है। श्रेणीवार ओपनिंग-क्लोजिंग रैंक के साथ, छात्र बीते साल के चौथे राउंड में प्रत्येक श्रेणी में स्वीकार किये गये रैंक के दायरे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। छात्र इस लिंक https://brothersacad-emy.co.in/JOSAA.xlsx पर जाकर लिस्ट डाउनलोड कर सकते हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# द ब्लैकबोर्ड शिक्षण संस्थान में प्रतिभा सम्मान समारोह





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द ब्लैकबोर्ड शिक्षण संस्थान में प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 का आयोजन किया गया। डंगरा टोली स्थित द ब्लैकबोर्ड शिक्षण संस्थान में मंगलवार को टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदीप नरसरिया शरीक हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा और विनय सिंह समेत शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। इस कार्यक्रम में झारखंड की टॉपर छात्रा अजलफा तंजीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं संस्थान के 22 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया है। साथ ही साथ राज्य के सभी स्कूल और कॉलेज के टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए सुशांत मिश्रा ने कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्थान के बच्चों ने सभी स्कूल के टॉप टेन में जगह बनायी है और साथ ही साथ स्टेट टॉप टेन में भी अपना स्थान पक्का किया है। इस अवसर पर सम्मलित होनेवाले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों में स्टेट टॉपर रैंक छह रूपेश महतो, रैंक सात अमरजीत कुमार तथा संत अलोइस इंटर कॉलेज के टॉपर हेमंत, पवन तथा आमिया संत जोंस इंटर कॉलेज के टॉपर श्याम, आशुतोष, करण डॉन बोस्को स्कूल के टॉपर सृष्टि प्रमुख हैं। कक्षा 10 के मंतशा ऐमन और नरगिस को स्टेट टॉप टेन में अपना स्थान बनाने के लिए सम्मानित किया गया। टॉपर बच्चों को मेडल और शील्ड के साथ-साथ स्मार्ट टीवी, टैबलेट, मोबाइल, साइकिल देकर सम्मानित किया गया।

# भाजपा सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी विकास के लिए समर्पित : लक्ष्मीकांत वाजपेयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महा जनसंपर्क अभियान को गति देने के लिए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी मंगलवार को रांची पहुंचे। उन्होंने विशिष्ट जनों से मुलाकात कर मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए तीसरी बार मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा। डॉ वाजपेयी ने रांची महानगर के हातमा बस्ती निवासी प्रसिद्ध पाहन जगलाल उरांव, पुरानी रांची में अवकाश प्राप्त पुलिस उपाधीक्षक अतुल केरकेट्टा, हिंदपीढ़ी में पूर्व चेंबर अध्यक्ष अरुण बुधिया तथा गंगा नगर में प्रसिद्ध व्यवसायी अमीर राय से उनके आवास पर मुलाकात की। नौ साल की उपलब्धियों के पत्रक दिये और चर्चा की। डॉ वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी विकास के लिए समर्पित है। मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। देश के दलित, आदिवासी, वंचित समाज विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। अंत्योदय को साकार किया जा रहा है। भारत में न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा, बल्कि देश की सीमाएं भी सुरक्षित हुई हैं। डॉ वाजपेयी के साथ सांसद समीर उरांव, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, राकेश भास्कर, महामंत्री वरुण साहू, बलराम सिंह उपस्थित थे।

## योग दिवस पर प्रदेश के सभी 513 सांगठनिक मंडलों में भाजपा आयोजित करेगी कार्यक्रम

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की पहल से योग दिवस अब जन-जन का कार्यक्रम बन चुका है। हर व्यक्ति योग से जुड़कर निरोग और स्वस्थ रहना चाहता है। इस वर्ष के अंतर राष्ट्रीय योग दिवस का थीम है वसुधैव कुटुंबकम ने विश्व समुदाय को दुनिया की भलाई के लिए सोचने को प्रेरित किया है। बुधवार को योग दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू स्थित पटेल पार्क में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के माउरी भवन में, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भालूबासा जमशेदपुर स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश एवं जिला स्तर के सभी पदाधिकारी ,कार्यसमिति सदस्य,मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## वाजपेयी ने खींचा जगन्नाथ स्वामी का रथ

संपर्क से समर्थन अभियान कार्यक्रम के बाद वाजपेयी झारखंड के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक जगन्नाथपुर मेला पहुंच भगवान के रथ पर सवार विग्रह का दर्शन किया एवं रथ भी खींचा। उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के कल्याण की मंगल कामना करते हुए कहा कि झारखंड की संस्कृति यहां की धरोहर है।

## रिजॉर्ट में सिंगर गुरु रंधावा के कार्यक्रम में मारपीट का मामला

# कांके रिजॉर्ट के संचालक के रिश्तेदारों समेत आधा दर्जन पर एफआइआर दर्ज

कांके रिजॉर्ट के संचालक डीके सिंह के रिश्तेदारों और ब्लू स्टोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक संजीव सिंह पर केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार की देर रात तक सिंगर गुरु रंधावा के कार्यक्रम में हुई मारपीट मामले में मंगलवार को काके थाना में कांके रिजार्ट के संचालक डीके सिंह के रिश्तेदारों पर एफआईआर दर्ज हुआ है। डीके सिंह के नजदीकी और कांके रिजॉर्ट के कामकाज संभलने वाले गुंजन सिंह, अमिताभ रजन उर्फ राहुल सिंह, मनीष शर्मा कांके रिसार्ट के मैनेजर कमलेश कुमार, ब्लू स्टीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक संजीव सिंह, सन्वी नारायण, आदित्य विक्रम समेत कई लोगों पर कांके थाना में एफआइआर दर्ज हुआ है। कांके थाना में कुल पांच एफआईआर दर्ज हुई है, जिसमें चार एफआइआर ब्लू स्टोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक संजीव सिंह के ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं एक एफआरआर कांके रिजॉर्ट के मैनेजर व अन्य पर दर्ज किया गया है।



बताते चलें कि कांके रिजॉर्ट में शनिवार की रात सिंगर गुरु रंगवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के खत्म होने के बाद आयोजक ब्लू स्टोन और रिजॉर्ट के स्टाफ के बीच मारपीट हुई थी। इस मारपीट में ब्लू स्टोन के आयोजक संजीव सिंह के बेटे को गंभीर चोटें आयी थी। मामले को लेकर दोनों और से कांके थाना में एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

## राहुल की मौत मामले की होगी जांच, कब्र से निकाला गया शव

**रांची।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र रहे राहुल मिंज की मौत के मामले की जांच होगी। इसको लेकर मंगलवार को हाइकोर्ट के आदेश के बाद लालपुर थाना पुलिस और मजिस्ट्रेट अमित भगत मजदूरों को साथ लेकर कब्रिस्तान पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच राहुल मिंज के शव को कब्र से बाहर निकलवाया। शव को पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया। शव की फॉरेंसिक जांच यह साबित करेगी कि राहुल की मौत स्वाभाविक थी या फिर किसी साजिश के तहत उसकी हत्या की गयी। राहुल मिंज की मौत बीते 2 जून को हो गयी थी। उसके शव को लालपुर थाना क्षेत्र के सरईटांड़ स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। राहुल की बहन कुसुम मिंज अपने भाई की हत्या की आशंका जताते हुए पूरे मामले की जांच के लिए हाइकोर्ट पहुंची। हाइकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद राहुल की मौत मामले में लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## सुजाता चौक पर चलती कार में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**रांची।** रांची के सुजाता चौक के समीप मंगलवार को एक कार में अचानक आग लग गयी। अगलगी से वहां अफरा-तफरी मच गयी। इससे कुछ देर के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ और जाम लग गया। कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। कार बोकारो के फुसरो निवासी उमेश पासवान की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को मामले की जानकारी दी। इसी क्रम में रांची नगर निगम के पानी के टैंकर से आग को बुझाया गया। चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि एक कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग को बुझा लिया गया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, 1.93 लाख कैश बरामद

**रांची।** रांची पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर साइबर डीएसपी यशोधरा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान साइबर अपराधी ब्रह्मदेव पासवान और सोनू वर्णवाल को गिरफ्तार किया गया है। दोनों गिरिडीह जिले के रहनेवाले हैं। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, सिम कार्ड और 1.96 लाख नकद बरामद किये गये। एदलहातु की रहनेवाली रीता देवी की शिकायत पर इन दोनों साइबर अपराधियों के खिलाफ गोंदा थाने में मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद साइबर डीएसपी से यशोधरा के द्वारा साइबर सेल के पदाधिकारी और गोंदा थाना के पदाधिकारी ने संयुक्त टीम बना कर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया।

## अरगोड़ा थाना में पीड़ित से मारपीट का मामला

# डीजीपी ने अरगोड़ा थाना प्रभारी को किया सस्पेंड भेजा चाइबासा और सस्पेंड मुंशी को भेजा पलामू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना में बीते 15 जून को विनोद सिन्हा नाम के युवक से मारपीट की गयी थी। इस मामले में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने संज्ञान लेते हुए अरगोड़ा थाना प्रभारी संजय कुमार को सस्पेंड कर दिया है। वहीं बृज कुमार को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय ने संजय कुमार को रांची जिला से हटाकर चाइबासा जिला भेज दिया है। वहीं सस्पेंड मुंशी को भी रांची से हटाकर पलामू जिला भेज दिया है।

बता दें हरमू हाउसिंग कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया था कि अरगोड़ा थाना प्रभारी संजय कुमार के कहने पर ही मुंशी उपेंद्र ने उसकी पिटाई की। उन्होंने थाना प्रभारी को गिरफ्तार करने की मांग की है। कहा था कि उनका पूर्व में मोबाइल चोरी हो गया था। 15 जून 2023 को हरमू बाजार में वे सब्जी खरीद रहे थे। इसी दौरान अरगोड़ा पुलिस एक मोबाइल चोर को पकड़कर थाना ले गयी। उन्हें लगा कि चोर से उनका भी मोबाइल मिल जायेगा। इसलिए वे भी पीछे-पीछे अरगोड़ा थाना पहुंच गये। वहां मुंशी उपेंद्र कुमार ने उन्हें एक कमरे में बुलाया और वहां बर्बरता से पिटाई कर दी। पिटाई से नाक, आंख, सिर और पेट में चोट आयी है। उस वक्त थाना प्रभारी संजय कुमार भी वहां मौजूद थे। उनके इशारे पर ही मुंशी ने मारपीट की थी। इस मामले में थाना के मुंशी उपेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया था। वहीं मामले में थाना प्रभारी को शो कॉज किया गया था। मारपीट का मामला मीडिया में आने के बाद डीजीपी अजय कुमार सिंह ने डीआइजी को मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया था। डीआइजी ने सिटी एसपी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। जांच के बाद मुंशी को निलंबित कर दिया गया था। इसी मामले में यह कार्रवाई की गयी है।

# विवेकानंद विद्या मंदिर ने मनाया स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विवेकानंद विद्या मंदिर में 54वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश एनएन तिवारी (प्रशासक), काशी नाथ मुखर्जी, आदित्य बनर्जी, अभय कुमार मिश्रा, मलय कुमार नंदी, स्वपना मुखर्जी, प्रभाकर शर्मा (एचइसी टाउनशिप हेड), डॉ किरण द्विवेदी (ऑब्जर्वर), एसपी सिंह (प्रधानाचार्य, प्रभारी), अमिताभ लाहा (प्रधानाचार्य, प्रभारी), एकता मिश्रा (हेड मिस्ट्रेस), शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित मुख्य अतिथि एनएन तिवारी और अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया।



इस अवसर पर शॉल और बोनसाई देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। डॉ किरण द्विवेदी (ऑब्जर्वर) ने विद्यालय के 54वें स्थापना दिवस पर विद्यालय के संस्थापक सदस्यों के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि छोटे स्तर से प्रारंभ किये गये इस विद्यालय में आज 4000 से भी अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां बच्चे शिक्षा के साथ स्वामी जी के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करते हैं। एसपी सिंह (प्रधानाचार्य, प्रभारी) ने 54वें स्थापना दिवस पर वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। अभय कुमार मिश्रा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम 54वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश एनएन तिवारी (प्रशासक) ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दिन स्वामी जी के आदर्शों, मूल्यों और मानवता के गुणों को आत्मसात करने का है। स्वामी जी ने भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थान दिलाया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए यह गौरव की बात है कि वे इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हैं, जहां शिक्षा के साथ संस्कार मिलता है।

इस अवसर पर विद्यालय द्वारा कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विभिन्न परीक्षाओं (वार्षिक परीक्षा, एआइएसएसइ, एआइएसएससीइ, जेइइ-मेंस एवं नीट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सीबीएसइ राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में पदक विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और मेमेंटो देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। अंत में अमिताभ लाहा (प्रधानाचार्य, प्रभारी) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# झमाझम बारिश से सुहाना हुआ मौसम, तपिश से मिली राहत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मानसून के आते ही मौसम सुहाना हो गया है। राजधानी रांची में मंगलवार को दोपहर बाद झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। बारिश के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। इससे लोगों को तेज गर्मी और धूप से राहत मिली।

राजधानी रांची का मंगलवार को तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बारिश के बाद तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आनेवाले कुछ दिनों तक राजधानी समेत अन्य जिलों में तेज बारिश और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को वज्रपात से सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि 19 जून को दोपहर बाद से मानसून ने संथाल परगना से राज्य में दस्तक दी। ऐसे में शुष्क मौसम के दौरान बारिश होने से वज्रपात की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि आनेवाले तीन दिनों तक वज्रपात की प्रबल संभावना है। इन तीन दिनों तक मानसून राज्य में पूरी तरह मजबूत हो जायेगा। इसे लेकर चेतावनी भी जारी की गयी।

## वज्रपात और आंधी से ऐसे करें बचाव

पेड़ के नीचे न रहें। क्योंकि, हवा के झोंके से पेड़ की टहनियां गिर सकती हैं। इस दौरान अगर आप घर से बाहर हैं, तो ऊंची जमीन या अलग-थलग पेड़ों से बचें और सुरक्षित स्थान में आश्रय लें। आंधी के बाद गिरे पेड़ की शाखाओं से सावधान रहें। बिजली की लाइनों से दूर रहें। गर्जन और वज्रपात की तात्कालिक चेतावनी प्राप्त करने के लिए दामिनी तथा सचेत ऐप का प्रयोग कर सकते हैं।

## 20 मिनट की बारिश ने रांची नगर निगम की पोल खोल दी: अजहर मलिक

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड उलगुलान मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अजहर मलिक ने कहा कि मंगलवार को दोपहर में 20 मिनट की बारिश ने नगर निगम की पोल खोल दी। शहर के सभी नालियां बजबजा गयीं। नालियों की गंदगी सड़क पर बहने लगी। विभिन्न प्रकार के टैक्सों के माध्यम से जनता का दोहन करने वाला रांची नगर निगम क्षेत्र में पहली बारिश में ही ऐसी स्थिति है तो आगे क्या होगा भगवान ही जाने। मलिक ने निगम के अधिकारियों से कहा कि अभी भी समय है शहर के सभी नालियों को साफ करायें। अगर यह नारकीय स्थिति नहीं बदली तो मोर्चा सड़क पर उतर कर विरोध करेगा।

## कार्यक्रम : आरती के बाद पंचमेवा भोग लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया

# श्री श्याम मंदिर में देवी-देवताओं का विशेष शृंगार किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रथयात्रा के शुभ अवसर पर खाटूनरेश, बजरंगबलि, शिव परिवार, लड्डू गोपाल, शालिग्राम व गुरुजनों को नवीन वस्त्र पहनाकर फूलों से विशेष शृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाये गये लाल गुलाब, पीला गेंदा, गुलबहार, राजनीगंधा, सन ऑफ इंडिया, तुलसीदल फूलों की मोटी मोटी मालाओं से सजावट की गयी। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा व मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी शृंगार अनुष्ठान संपन्न किया। श्रवण तोदी सविता तोदी विसांत तोदी व स्नेहा तोदी ने सभी वस्त्र श्रृंगार व पंचमेवा भोग की सेवा निवेदित की।

शृंगार आरती सुबह 8.30 बजे हुई, बड़ी संख्या में भक्तजन ने भाग लिया। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि आरती के बाद पंचमेवा भोग लगाकर भगतों को वितरित किया गया। वहीं शाम 4.30 बजे से 55वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने बजरंगबली की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, आमफल, केला का भोग अर्पित कर श्री रामचरित मानस ग्रंथ व पाठवाचकों का पूजन वंदना किया। पाठवाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा और अन्य ने श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया फिर श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। पाठ वाचकों ने ढोलक ढफली झांझ कड़ताल ऑर्गन के स्वर के साथ उपस्थित सैकड़ों भक्तजनों से संगीतमय पाठ करवाया। पाठ के मध्य में लोकप्रिय भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था।

## शनिवार को श्री श्याम भंडारा

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार 24 जून को संध्या 5 बजे से 68वां श्री श्याम भंडारा होगा। मंडल के सदस्य पवन केडिया कुसुमलता केडिया परिवार के साथ श्री श्याम भंडारा की सेवा निवेदिता करेंगे।

## श्री हरगोविंद महाराज के 428वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सजा विशेष दीवान

# जुग जुग सतगुरु धरे अवतारी...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी,रातू रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर स्त्री सत्संग सभा में रविवार को छठे नानक श्री हरगोविंद जी महाराज के 428वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरुआत दिन के तीन बजे भाई अमरीक सिंह द्वारा साध संगत के साथ सामूहिक रूप से पढ़े गए श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ के साथ हुई। स्त्री सत्संग सभा की रमेश गिरधर,बबली दुआ, सुषमा गिरधर, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर एवं उषा झंडई ने जुग जुग सतगुरु धरे अवतारी... तथा पंज प्याले पंज पीर, छठम पीर बैठा गुरु भारी... एवं जमया पूत भगत गोबिंद का प्रगटया सभ मै लिखया धुर का... शबद गायन किया।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथावाचन करते हुए साध-संगत को बताया कि सिखों के छठें गुरु श्री हर गोविंदजी का जन्म बडाली (अमृतसर) में हुआ था। वे सिखों के पांचवें गुरु श्री अर्जुन देवजी के पुत्र थे। उनकी माता का नाम गंगा था। उन्होंने ही सिखों को अस्त्र-शस्त्र का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया व सिख पंथ को योद्धा चरित्र प्रदान किया। श्री हरगोविंद महाराज युद्ध



में शामिल होने वाले पहले गुरु थे। उन्होंने सिखों को युद्ध कलाएं सिखाने तथा सैन्य परीक्षण के लिए भी प्रेरित किया था। श्री हरगोविंद ने मुगलों के अत्याचारों से पीड़ित अनुयायियों में इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास पैदा किया। मुगलों के विरोध में गुरु हरगोविंद ने अपनी सेना संगठित की और अपने शहरों की किलेबंदी की। श्री हरगोविंद जी ने अकाल तख्त का निर्माण किया था। मीरी पीरी तथा कीरतपुर साहिब की स्थापना की थी। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने वडी आरजा हरगोबिंद की सुख मंगल कल्याण विचारया... तथा मेरा सतगुर रखवाला होआ धार कृपा प्रभ हाथ दे राखीआ हर गोविंद नवा निरोआ... शबद गायन कर संगत को गुरवाणी से जोड़ा। छह पौढ़ी श्री अनंद साहिब के पाठ,मनीष मिढ़ा द्वारा अरदास,अमरीक सिंह द्वारा पढ़े गये हुक्मनामा के साथ दीवान की समाप्ति शाम सात बजे हुई। इसके बाद संगत के बीच कढ़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री गुरु तेग बहादुर स्त्री सत्संग सभा द्वारा मिस्सी रोटी एवं रायता का लंगर चलाया गया। दीवान में प्रकाश गिरधर, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, भगवानदास थरेजा, गिरीश मिढ़ा, अमरजीत सिंह मुंजाल, अजय मुंजाल, रमेश पपनेजा, गौतम काठपाल, मोहित गिरधर, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, ईशान काठपाल, अमित गिरधर, कुलदीप गिरधर, प्रवीण गिरधर, सीमा मिढ़ा, पूनम मिढ़ा, मनजीत कौर, नीता मिढ़ा, कृष्णा देवी एवं सोनी समेत अन्य शामिल थे।

## रिम्स में भर्ती गैंगस्टर अनिल शर्मा की तबीयत अचानक बिगड़ी

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स में भर्ती गैंगस्टर अनिल शर्मा की तबीयत अचानक खराब हो गयी। सीने में दर्द की शिकायत के बाद कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग के चिकित्सक ने इलाज किया। पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा, जरूरी दवाएं दी गयी हैं। फिलहाल सेहत स्थिर है। वहीं ट्रॉप टी टेस्ट के लिए ब्लड सैंपल लिया गया है। बता दें कि रिम्स के पेइंग वार्ड में अनिल शर्मा भर्ती है। रिम्स मेडिकल बोर्ड के डॉक्टरों ने एम्स रेफर करने की अनुशंसा कर दी है, लेकिन अब तक अनिल शर्मा को जाया नहीं जा सका है।

## भगवान जगन्नाथ जी की यात्रा निकली



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू कोलियरी स्थित चरण पहाड़ी मंदिर परिसर से मंगलवार को भगवान जगरनाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलराम की प्रतिमा का फूलों से सुसज्जित वाहन पर सवार कर भव्य रथ यात्रा निकाली गयी। मंदिर के पुजारी बाबा प्रेमदास महाराज की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ हर्षोल्लास पूर्वक रथ यात्रा निकाली गयी। इस दौरान बाबा प्रेम दास द्वारा भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलराम के प्रतिमा को मंगला आरती, श्रृंगार, आरती के साथ विधि पूर्वक पूजार्चना किया गया। रथ यात्रा 3 नंबर चरण पहाड़ी मंदिर से प्रारंभ होकर क्षेत्र के कुजू कोलियरी, न्यू कॉलोनी, श्रीराम चौक से वापस चरण पहाड़ी पहुंची। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का स्वागत किया। रथयात्रा में देवनाथ भंडारी, घनेनाथ पुजारी, केके राणा, महात्तम तिवारी, मुखिया ललिता देवी, अशोक कुमार, पन्नालाल मुर्मू, पुष्पा देवी, रेखा देवी, उज्जवल कुमार, सृजन मुर्मू, रंजन पासवान, रीना देवी, लक्ष्मी देवी, मुन्नीलाल गुप्ता, स्वाती कुमारी, संतराज मुर्मू, अभिमान मुर्मू, प्रिंस कुमार, बाबू, राहुल राणा, प्रियाचरण दास आदि शामिल रहे।

## छोटकीडुंडी में निकली भव्य रथ यात्रा





**कुजू (आजाद सिपाही)।** पुरानी परंपरा के तहत भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की भव्य शोभा रथ यात्रा छोटकीडूंडी ठाकुरबाड़ी से निकलकर मौसीबाड़ी पहुँचे। राम जानकी मंदिर छोटकीडूंडी से निकाली गई रथ यात्रा का शुभारंभ आचार्य शशिकांत पांडेय, बबलू पांडेय, अरुण पांडेय, रोशन पांडेय, पुजारी सत्यदेव पांडेय द्वारा यजमान बने वीरू महतो, रामजी महतो, शेखर महतो, विकी करमाली, अरुण कुमार, सपत्नीक को विधिवत पूजार्चना करा कर कराया गया। जिसके बाद प्रतिमाओं को फूल माला से सुसज्जित रथ पर सवार कर मौसीबाड़ी तक ले जाया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने बड़े आस्था-भाव के साथ रथ को खिंचकर ले जाया गया। जहां मौसीबाड़ी में भगवान सात दिनों तक विश्राम करेंगे। इसके बाद आठवें दिन घूरती रथ निकालकर ठाकुरबाड़ी लाकर विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रतिमाओं का स्थापना किया जायेगा। रथ यात्रा को लेकर मंदिर समिति ने 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया। वही, रथ यात्रा को लेकर विशाल मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी दूर दराज से लोग शामिल हुए। मौके पर संरक्षक गणेश महतो, ठाकुर दास महतो, राजेश कुमार महतो, आशीष कुमार महतो, द्वारिका महतो, सुरेंद्र करमाली, पंकज करमाली, मनीष महतो, भीम महतो, हरिनंदन महतो, महेश, वकील महतो, गिरधारी महतो, नेमधारी महतो, हरीश चंद्र महतो, धनेश्वर महतो, मनोज महतो शामिल रहे।

# प्रभु जगन्नाथ की कृपा से विश्व में सुख शांति और समृद्धि बनी रहे : काले

**रथयात्रा में शामिल हुए अमरप्रीत सिंह काले, माथा टेका और विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आस्था के मानक 'रथ यात्रा' की शुरूआत आज से हो गई है। बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर व न्यू बाराद्वारी स्थित गांधी आश्रम में निकाली गई रथ यात्रा में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल होकर माथा टेका। ह्यरथ यात्रा से पहले जगन्नाथ मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि पर ये यात्रा निकाली जाती है। इस यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथयात्रा के जरिए अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाते हैं। तीनों भगवान सुसज्जित रथ पर बैठकर बड़ी ही भव्य तरीके से अपनी मौसी के घर पहुंचते हैं। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि आज पवित्र रथ यात्रा है। आज प्रभु के आदेश से हम रथ यात्रा में शामिल होने आए हैं। काले ने कहा की उन्होंने महाप्रभु के चरणों में प्राथना की है की इनकी कृपा से पूरे विश्व का कल्याण हो , सभी तरफ सुख , शान्ति और समृद्धि बनी रहे । काले ने कहा की हमारा जमशेदपुर शहर एक बहुत प्यारा शहर है और यहाँ की एकता , भाईचारा व अखंडता आज के महा प्रभु जी के इस यात्रा में देखने को मिल रही है।

## छावनी परिषद के वार्ड नंबर 4 की जनता तक पहुंचा पानी

# जनता के लिए हर समय मैं हूं तत्परः सुनीता चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के महादेव मंदिर निवासी सहित अन्य लोगों ने पीने की पानी की समस्याओं को लेकर कुछ दिन पूर्व विधायक सुनीता चौधरी को एक मांग पत्र सौंपा था। पानी की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी से बात कर वार्ड की जनता को पीने की पानी की समस्या को लेकर वार्ता की थी। मामले को गंभीरता से देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने वार्ड नंबर 4 की समस्याओं का निदान किया। इसे लेकर मंगलवार को आजसू पार्टी के नगर सचिव नीरज मंडल और वार्ड नंबर 4 के अर्जुन महतो के नेतृत्व में रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित उनके आवास में मिलकर उन्हें देकर धन्यवाद दिया। वार्ड नंबर 4 में पानी की समस्याओं से निजात मिलने के बाद जनता में खुशी की लहर है और सभी लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। वही, अर्जुन महतो ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ विधायक सुनीता चौधरी के पास गए थे वह पूरा होते दिख रहा। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं के लिए मैं हर समय तत्पर हूं।

### विधायक के प्रति इन लोगों ने जताया आभार

विधायक के प्रति पार्टी के नगर सचिव नीरज मंडल, अर्जुन महतो, मालती देवी, लक्ष्मण महतो, निरंजन महतो, रीना देवी, जुगल पंडित, विश्वनाथ सवर्णकार, मनोज जायसवाल, मेवालाल महतो, संदीप कुमार, दीपक वर्मा, राकेश वर्मा, विजय साव, भुनेश्वर ठाकुर, सुरेश ठाकुर सहित वार्ड नंबर 4 के अन्य लोगों ने विधायक सुनीता चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पतरातू में रथ यात्रा का आयोजन किया गया

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्टीम कॉलोनी स्थित कालीबाड़ी परिसर से मंगलवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीय के अवसर पर रथ यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर दर्जनों कॉलोनी वासियों ने कालीबारी परिसर में पहुंचकर रथ को खींचकर अक्षय पुण्य के भागी बने। आप निकालने के पर्व पुजारी कंचन घटक के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर रथ यात्रा का शुभारम्भ किया गया। भारी संख्या मे भक्त रथ की रस्सी खींचते नजर आये। पुजारी के द्वारा बताया गया कि रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचने वाले को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे रवि सिंह, अशोक सिंह, अमित सिंह, अरुण चौहान,धर्मेन्द्र पासवान, गोविन्द गोराई, महेश साव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## वज्रपात से एक महिला की मौत

**मयूरहंड/ चतरा(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महेशा गांव में महिला की मौत वज्रपात से हो गई। जानकारी अनुसार महिला मवेशी लाने के क्रम में महुआ पेड़ के पास पानी से बचाने गई थी। मृतक का नाम मंजू देवी 45 वर्ष, पति राजेंद्र ठाकुर ग्राम महेशा गांव के निवासी है। वज्रपात महेशा गांव के अंजनवा नाला पर हुआ। सूचना पाते ही ग्रामीण पहुंचे। शव को अपने साथ घर लाया। मृतक के आश्रित में मात्र एक बच्ची है। पिछले दो वर्ष पूर्व पुत्र की मौत बीमारी से हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते हीं अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया।

## रथ पर सवार मौसीबाड़ी गये भगवान जगन्नाथ, जुटे हजारों श्रद्धालु

# कैथा रथयात्रा का इतिहास स्वर्णिम हैः चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा में आयोजित रथयात्रा महोत्सव में अहले सुबह से ही भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के दर्शन पूजन को लेकर भक्तों की उमड़ गई। भगवान जगन्नाथ के मंदिर का कपाट भक्तों के लिए प्रातः काल से ही खोल दिया गया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए। भगवान के दर्शन पूजन कर चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि कैथा रथयात्रा का इतिहास स्वर्णिम है। रथयात्रा के आयोजन से क्षेत्र में सात्विकता और धर्म का संचार होता है।लोग सन्मार्ग की राह चलते हैं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ से जगत कल्याण की कामना की । वहीं मुख्य पुजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा और भगवान जगन्नाथ के पूजन का इतिहास पुरातन है। रथयात्रा के अवसर पर आयोजन समिति की ओर से खीर महाभोग का वितरण किया गया। मेला परिसर में झूला, मिक्की माउस, सहित अन्य मनोरंजक झूलो पर बच्चे और युवा आनंद लेते दिखे। संध्या पहर में हजारों श्रद्धालुओं ने विधि अनुसार रथारुढ तीनों विग्रहों भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को रस्सी के सहारे रथ को खींचते और जय जगन्नाथ स्वामी का जयघोष करते हुए मौसीबाड़ी पहुंचाया। पुनः आठ दिनों के पश्चात भगवान को घूरती रथ के पावन अवसर पर मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर को लाया जायेगा। हजारों श्रद्धालु भक्ती श्रध्दा से ओत-प्रोत हो मेले का आनंद लेते दिखे। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष देवधारी महतो सचिव राजेश महतो, कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी संरक्षक सुदर्शन महतो हरिहर पाठक, सूकर महतो राजकुमार महतो, संदीप कुमार महतो, संदीप महतो, अजय आस्था, रूपेंद्र महतो, संजय करमाली माधव करमाली, गणेश राम महतो, प्रकाश कुमार, छोटेलाल महतो, कौलेश्वर महतो, भीम महतो, संजय कुमार महतो, पंकज महतो, अमित दास, परितोष चटर्जी, राजेंद्र महतो, विनय कुमार, सहित कैथा ग्रामवासी और हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## डहु मुखिया और पंचायत सेवक पर राशि हड़पने का आरोप

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** डहु पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया सुकंती देवी पंचायत सेवक विनय कुमार व मुखिया पति रंथु उरांव पर राशि गबन करने का आरोप लगाया है। मामले में ग्रामीणों ने बीडीओ रंथू महतो को पत्र लिखकर इसकी शिकायत किया है। जिसमें कहा है कि पंचायत में जलमीनार मरम्मत में बड़े पैमाने पर राशि का गबन किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभिन्न गांवों में जलमीनार मरम्मत का कार्य किया गया है। जलमीनार मरम्मती में दो से तीन हजार खर्च किया गया है, जबकि लाखों की राशि निकासी कर ली गयी हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कहीं कहीं ग्रामीणों ने जलमीनार मरम्मत में चंदा इकट्ठा कर दिया है, उसके बावजूद भी मरम्मत की राशि निकाल ली गयी है. बताया कि डहु में धनु महतो के घर के पास जलमीनार का मरम्मत में तीन हजार खर्च हुए, जिसमें ग्रामीणों ने चंदा भी दिया है। बिना कार्यकारिणी की बैठक में योजना का भी चयन किया जाता है। जिससे आम लोगो को योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। आवेदन में पंसस आशा देवी, भगीरथ महतो, आशा देवी, प्रकाश कुमार, राजनदेव कुमार, दसरथ महतो, संतोष कुमार, संजय साव समेत कई का हस्ताक्षर है।

## मकान में आग लगने से परिवार बेघर

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सराढु पंचायत के कुड़लौंगा निवासी टेहवा भुइयां का घर बीते सोमवार की रात्रि को आग लग गयी। प्रचंड गर्मी में आग की लपटे इतनी तेज हो गया की देखते ही देखते घर में रखे अनाज समेत अनेक सामग्री जलकर राख हो गया। पीड़िता परिवार ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा व आर्थिक सहयोग का मांग किया है। इस घटना की संदर्भ में सराढु मुखिया सीता देवी ने पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद कर प्रशासन से लाभ दिलाने की भरोसा दिया।

## 25 जून से टंडवा गहरी नदी पर बने बैराज का फाटक होगा बंद

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी, नॉर्थ कर्णपुरा में सुपर थर्मल प्लांट का निर्माण कर रहा है। जिसके संचालन के लिये गरही नदी पर बैराज का निर्माण किया गया है। इस बैराज के गेट 25 जून 2023 से बंद किये जाएंगे। बैराज के गेट बंद करने पर जलाशय का स्तर बढ़ जायेगा। गरही नदी का



जलस्तर बढ़ने पर आस-पास के लोगो से अनुरोध किया गया है की इसके मद्देनजर गरही नदी के आस-पास तथा किनारे नही जायें।बैराज के गेट में पानी इकट्ठा करने के लिए बार-बार 2-3 फिट तक खोले तथा बंद किये जायेगे। जिससे बैराज में पानी का जलस्तर और प्रवाह बढ़ सकता है। फाटक बंद करने से जलाशय का स्तर 436-437 मीटर तक बढ़ सकता है। एनटीपीसी प्रबंधन ने जान-माल की क्षति से बचने के लिए आम जनता को बैराज से दुर रहने की सलाह और अनुरोध किया गया है।जलाशय का स्तर बढ़ने पर सायरन बजाया जायेगा। इस समय कोई भी बैराज के आस-पास नही आये और सभी लोग सुरक्षित स्थान में रहने की अपील किया गया।

## अगलगी की घटना में दो भाइयों का घर जल कर राख, लाखों का नुकसान

**चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के सलैया गांव में आगलगी की घटना में दो भाइयों का घर जलकर राख हो गया। जिसमें नगदी समेत घर में रखे सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार टेकन यादव के घर में आग लग गया। इस घर मे उनके दोनों पुत्र संजय यादव और विजय यादव रहते थे। संजय यादव के अनुसार इस घटना मे लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ है। जिसमें घर में रखे 20 हजार नगदी और 30 हजार का सामान शामिल है। जबकि विजय यादव के घर मे रखे गये 25 हजार 800 नगद और घर में रखे गये कपडा और सामान जलकर राख हो गया है। घटना के बारे में पीडितों का कहना है कि पूरा परिवार भोजन कर रात में घर के बाहर सो रहा था। इसी बीच आग की लपटें देख वे लोग शोर मचाने लगे। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। जबतक आग पर काबु पाते तबतक पूरा सामान जलकर राख हो गया था। आगलगी की घटना के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी और मुखिया मनोज कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर पीडित लोगों से मुलाकात किया और सहयोग का आश्वासन दिया।

## 80 अभ्यर्थियों/लाभुकों को मिला रोजगार




**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएसआर के तहत सीएमपीडीआई की गौरवशाली पहल से सीआइपीइटी, रांची में मशीन ऑपरेटर के रूप में छमाही कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले सभी 80 अभ्यर्थियों/लाभुकों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार प्राप्त हुआ है। सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ईएस) श्री शंकर नागाचारी ने एक संक्षिप्त समारोह में सभी अभ्यर्थियों/लाभुकों को कोर्स पूरा करने का प्रमाण-पत्र एवं प्रस्ताव पत्र सौंपा और उन्हें बधाई दी। मौके पर उन्होंने सभी लाभुकों को जीवन में एवं कार्यस्थल पर सभी तरह की चुनौतियों का बहादुरी से सामना करने के लिए प्रेरित किया। इन लाभुकों को ताकाहाटा प्रिसिजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-नीमराना-राजस्थान, मारेली मदरसन ऑटोमोटिव लाइटिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-पुणे-महाराष्ट्र, बावल-हरियाणा, साणंद-गुजरात और रोटोलाइन पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड-पटना-बिहार में रोजगार प्राप्त हुआ है। ज्ञात हो कि नवंबर 2022 में सीएमपीडीआइ ने सीएसआर के अंतर्गत 68 लाख निधि पोषित करते हुए सेंट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट)ः सेंटर फॉर स्किलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट (सीएसटीएस), रांची के साथ झारखंड राज्य के 80 वंचित/बेरोजगार/अर्द्ध बेरोजगारों युवा को मशीन ऑपरेटर के क्षेत्र में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करते के लिए ज्ञापन समझौता (एमओए) पर हस्ताक्षर किया था। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और सीआइपीइटीः सीएसटीएस, रांची के संयुक्त निदेशक और प्रमुख बी बछव के अलावा सीएमपीडीआइ और सीआइपीइटी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 48 वर्षीय विशाल अरोड़ा 18 जून से लापता



**रांची (आजाद सिपाही)।** वीएलडब्लू कालेनी नीचे हटिया रांची के रहने वाले 48 वर्षीय विशाल अरोड़ा 18 जून से लापता है। इस संबंध में उसकी पत्नी डॉली देवी ने 19 जून को जगन्नाथपुर थाना में सनहा दर्ज करायी है। इसमें लिखी है कि उनके पति का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। 19 जून की रात करीब नौ बजे घर से निकले थे, जो कि अभी तक घर वापस नहीं आये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर 6201223616 नंबर पर सूचना दे सकते हैं।

# दोस्ती का नया दौर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अमेरिका रवाना हो गये। 2014 के बाद से वह बतौर प्रधानमंत्री छह बार अमेरिका जा चुके हैं, लेकिन इस यात्रा को उनकी पिछली तमाम यात्राओं से ज्यादा अहमियत दी जा रही है, तो उसके पीछे ठोस वजहें हैं। पहली बात तो यही कि यह पहला मौका है, जब वह बाकायदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। उनकी इस यात्रा को स्टेट विजिट का दर्जा हासिल है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में उनसे पहले सिर्फ दो नेता ऐसे रहे, जो अमेरिका के स्टेट विजिट पर गये। पहले 1963 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह। जाहिर है, अगर अमेरिका ने आज के माहौल में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को इतनी अहमियत देने का फैसला किया, तो वह अकारण नहीं है। ऐसी कूटनीतिक पहल काफी सोच-समझ कर तय की जाती है। इस संदर्भ में देखें तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत और अमेरिका के रिश्ते नई ऊंचाइयां छूने की ओर हैं। पहले की तरह अब इसमें विश्वास का कोई संकट नहीं रह गया है। जिन समझौतों पर दोनों पक्षों में सहमति बन चुकी है और जिन पर हस्ताक्षर की औपचारिकता इस दौरे में पूरी होनी है, वे न केवल दोनों देशों के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि द्विपक्षीय रिश्तों के नये चरण की शुरुआत के भी साक्षी बनेंगे। खास कर जीइ 414 फाइटर जेट इंजन भारत में बनाने का समझौता और अमेरिकी ड्रोन खरीदने का समझौता। ये सौदे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत आधार देंगे और अमेरिका में यह उम्मीद बन रही है कि इससे हथियारों के मामले में भारत की रूस पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलेगी। यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत की स्वतंत्र भूमिका अमेरिका को शुरू से खटकती रही है। उसकी कोशिश रही है कि भारत खुल कर रूस की निंदा करे। अच्छी बात यह है कि दोनों देश एक दूसरे की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए आपसी सहयोग बढ़ाने की राह पर चल रहे हैं। इसलिए आगे भी इसमें कोई बाधा आने के आसार नहीं हैं। एक अन्य पहलू चीन का है, जिसकी बढ़ती आक्रामकता ने दोनों देशों में चिंता पैदा की है। क्वॉड से लेकर आइ2यू2 तक तमाम मंचों पर भारत और अमेरिका आपसी तालमेल कायम रखते हुए इस साझा चुनौती का मुकाबला कर रहे हैं। यह समीकरण भी इस सोच को मजबूती दे रहा है कि अगर भारत और अमेरिका एक-दूसरे के साथ सहयोग करें, तो कई मामलों में चीन से सप्लाई पर निर्भरता कम की जा सकती है। खास तौर पर कोरोना महामारी के बाद के दौर में लोकतांत्रिक और उदार मूल्यों के साथ जी रहे देशों में यह जरूरत तीव्रता से महसूस की जा रही है। उम्मीद है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात में प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा न सिर्फ द्विपक्षीय मामलों में सहयोग बढ़ायेगा, बल्कि पूरी दुनिया को सकारात्मक संदेश देने वाला साबित होगा।

**जाहिर है, अगर अमेरिका ने आज के माहौल में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को इतनी अहमियत देने का फैसला किया, तो वह अकारण नहीं है। ऐसी कूटनीतिक पहल काफी सोच-समझ कर तय की जाती है।**


**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**योग सकारात्मक ऊर्जा लाता है, और 'वसुधैव कुटुंबकम' दुनिया को एक बड़े परिवार के रूप में देखना और मानना है। इस तरह से देखा जाए तो भारत की प्राचीन पारंपरिक प्रथा- योग, प्राचीन काल की प्रार्थना : सर्वे भवंतु' सुखिन, सर्वे संतु निरामय (सभी सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों) को साकार करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा शक्ति बन जाती है।**

# योग दिवस 2023 दुनिया भर में वसुधैव कुटुंबकम-एक परिवार, एक-पृथ्वी का संदेश देगा



**सर्बानंद सोनोवाल**




इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की विषय वस्तु 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' है, और यह विषय वस्तु समग्र रूप से एक स्वस्थ, आनंदमय, शांतिपूर्ण और शक्ति युक्त दुनिया बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आइडीवाइ) से जुड़े सभी लोगों के निरंतर, निर्भीक और स्थायी प्रयासों पर प्रकाश डालती है। योग सकारात्मक ऊर्जा लाता है, और 'वसुधैव कुटुंबकम' दुनिया को एक बड़े परिवार के रूप में देखना और मानना है। इस तरह से देखा जाए तो भारत की प्राचीन पारंपरिक प्रथा- योग, प्राचीन काल की प्रार्थना : सर्वे भवंतु' सुखिन, सर्वे संतु निरामय (सभी सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों) को साकार करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा शक्ति बन जाती है।

शुरुआत में, मैं दोहराना चाहता हूं कि आयुष ने कुल मिलाकर पिछले 9 वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना, दूरदर्शिता और भारत की परंपराओं की गहरी समझ है जिसने आयुष को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। जन-साधारण की सेवा के प्रति उनकी स्थिर प्रतिबद्धता और भारत को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखने की इच्छा के परिणामस्वरूप हर साल दुनिया भर में आइडीवाइ मनाया जाता है, जिसमें हर वर्ष भाग लेने वालों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। हमारे प्रधानमंत्री ने बहुत पहले 2014 में, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के समक्ष हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव देते हुए वैश्विक कल्याण और समग्र स्वास्थ्य का मंत्र दिया था। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने तब सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और अब दुनिया इसे पूरे मन से अपना रही है।

**इस वर्ष हमारे प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे।**

'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' एक दिन का विषय नहीं है। यह एक ऐसी विषय वस्तु है, जिस पर अच्छी तरह से विचार किया गया है, चर्चा की गयी है, कई लोगों द्वारा प्रतिबिंबित किया गया है और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी कल्पना की है। जी20 राष्ट्रों और एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) के सदस्य देशों के प्रतिनिधि और एससीओ के भागीदार भी योग को बेहद सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल भारत में योगाभ्यास करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, जैसा कि हम इसे अभी देख रहे हैं, सामूहिक तौर पर योग की बढ़ती स्वीकार्यता है। संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ भारत सरकार का प्रत्येक मंत्रालय और सभी हितधारक तालमेल से काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय दूतावासों, विदेशों में भारतीय मिशनों और दुनिया भर में वाणिज्य दूतावासों को प्रोत्साहित करता है। यह वैश्विक समुदाय के बीच योग को बढ़ावा देता है और भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को मजबूत करता है। इसी प्रकार अन्य मंत्रालय भी अपनी सापेक्ष शक्ति के क्षेत्र में कार्य करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की विषय वस्तु की पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए, सबसे पहला और महत्वपूर्ण कार्य दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचने का होगा। पिछले साल हमने इस उद्देश्य के लिए गार्जियन रिंग ऑफ योग किया था। इस साल हम ओशन रिंग के रूप में, और प्राइम मेरिडियन लाइन पर या उसके पास पड़ने वाले आर्कटिक से अंटार्कटिका देशों तक योग प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 जून को ये दो विचार न केवल वैश्विक समुदायों की भागीदारी बढ़ायेंगे, बल्कि यह भी प्रदर्शित करेंगे कि योग जीवन को बनाए रखने वाली शक्ति है, चाहे स्थिति या स्थान कोई भी हो। योग उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र, हिमाद्रि-स्वालबार्ड, आर्कटिक में भारतीय अनुसंधान केंद्र; और भारती-अंटार्कटिका में तीसरा भारतीय अनुसंधान केंद्र में भी होगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 समारोह में हर तबके, वर्ग, समूहों को शामिल करने के लिए हमारे देश में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग भारतमाला बनायी जायेगी, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल और सीमा सड़क संगठन की भागीदारी देखने को मिलेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अमृत सरोवर भी इस वर्ष के समारोह का हिस्सा होंगे। शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय के साथ-साथ भारत सरकार के अन्य प्रमुख मंत्रालय भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। यह पूरे सरकार के दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। यह विचार स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि आइडीवाइ हर किसी के लिए उत्सव है और हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी है।

ग्रामीण स्तर पर सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा और इसके लिए सामान्य सेवा केंद्रों को भी जोड़ा गया है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष स्वास्थ्य और संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र भी सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करेंगे। यह भारत भर के सभी स्वास्थ्य और संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में होगा। सीवाइपी का अभ्यास सभी आयुष सुविधाओं जैसे शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि में किया जायेगा। प्रत्येक राज्य का एक आयुष ग्राम भी सीवाइपी अभ्यास में भाग लेगा और इसके लिए चिन्हित गांव में योग प्रशिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं, ताकि संपूर्ण योग ग्राम का दर्जा प्राप्त किया जा सके। इसका अंतिम उद्देश्य ग्रामीण और सुदूरवर्ती इलाकों में हर आंगन योग के लक्ष्य को हासिल करना है, इसके लिए भारत में 2 लाख से अधिक गांवों में लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाइपी) में प्रशिक्षित करने का प्रावधान किया गया है।

इस वर्ष हमारे प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मुझे यकीन है कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को बड़ा समर्थन मिलेगा। साथ ही, इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को मध्य प्रदेश के जबलपुर में होगा। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गैरीसन मैदान, जबलपुर में सामूहिक योग प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, आयुष राज्य मंत्री डॉ मुंजपारा महेंद्रभाई, और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इसमें शामिल होंगे। जैसे-जैसे हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 उत्सव की ओर आगे बढ़ रहे हैं, हर मिनट, हर सेकेंड और हर स्थान उच्च स्तर का महत्व प्राप्त कर रहा है। आइडीवाइ 2023 को एक शानदार सफलता बनाने के लिए हममें से प्रत्येक को एक भूमिका निभानी है। कुछ समय निकालें और खुद को योग की रोग निवारक और उपचारात्मक शक्ति में तल्लीन कर लें, जैसा कि मैं स्वयं प्रतिदिन करता हूं। मेरा यकीन मानिए, इस वर्ष का आइडीवाइ विशेष है क्योंकि 'योग' में वसुधैव कुटुंबकम की शक्ति निहित है।

**(लेखक : केंद्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री हैं।)**

# जीवन जीने का विज्ञान है योग



**कर्मवीर सिंह**

योग शरीर की शक्ति, मन की शांति और सहनशीलता को बढ़ाता है। योग जीवन जीने की कला है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। योग से शरीर स्वस्थ, निरोग और बलशाली बनता है, वहीं कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा भी दिलाता है। आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ - साथ खुश रहने में भी मदद करता है। योग न केवल हमारे मस्तिष्क को मजबूत बनाता है, बल्कि हमारी आत्मा की शक्ति को भी जागृत करता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गयी है ।

विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था। यूएनए ने मात्र 90 दिनों में 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव की मंजूरी दे दी। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। भारत की इस महान विरासत को पीएम मोदी ने विश्व के पटल पर फिर से स्थापित कर दिया।

शरीर के स्वस्थ रहने पर ही मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। मस्तिष्क से ही शरीर की समस्त क्रियाओं का संचालन होता है। इसके स्वस्थ और तनावमुक्त होने पर ही शरीर की सारी क्रियाएं भली प्रकार से संपन्न होती हैं। इस प्रकार हमारे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए योग जरूरी है।

योग विज्ञान में जीवनशैली का पूर्ण सार है। योग एक ऐसी क्रिया है, जो वैज्ञानिक ढंग से अध्यात्म को समझाती है। यह भावनात्मक एकीकरण और रहस्यवादी तत्त्व का स्पर्श लिये हुए एक आध्यात्मिक ऊंचाई है। पतंजलि को योग के पिता के रूप में माना जाता है और उनके योग सूत्र पूरी तरह योग के ज्ञान के लिए समर्पित रहे हैं।

पतंजलि योग दर्शन के अनुसार- योगश्चित्तवृत्त निरोधः अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। योग धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक सीधा विज्ञान है। योग शब्द के दो अर्थ हैं और दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। अतः यह कहा जा सकता है कि योग एक जीवन जीने की कला और विज्ञान दोनों ही है।

आधुनिक युग मानसिक दबाव, चिंता और तनाव का युग बनता जा रहा है। भौतिकतावाद पर अंध विश्वास आज कई समस्याओं का कारण बन चुका है। कुछ वर्ष पहले तक योग को सिर्फ आयुर्वेद के साथ ही जोड़ कर देखा जाता था, लेकिन आज वैज्ञानिक रूप से भी योग का महत्व बढ़ गया है। डॉक्टर भी बच्चो को योग करने की सलाह देने लगे हैं।

योग सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित एक मार्ग है, जो मन एवं शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम है। योग से मुनष्य की चेतना ब्रह्मांड की चेतन ऊर्जा से जुड़ जाती है। आधुनिक वैज्ञानिकों की मानें तो ब्रह्मांड की हर चीज उसी चेतन ऊर्जा की अभिव्यक्ति है। जो मनुष्य अस्तित्व की चेतना को महसूस कर लेता है, उसे योग में स्थित माना जाता है।

योग ने मानवता के भौतिक औरआध्यात्मिक दोनों तरह के उत्थान को संभव बनाया है। योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है और प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होनेवाले बदलावों को सहन करने में सहायक हो सकता है।

नैतिक मूल्यों में गिरावट आज एक बड़ी समस्या है। यम और नियम जैसी यौगिक क्रियाएं सत्य, अहिंसा, चोरी न करने तथा ब्रह्मचर्य के पथ पर चल कर नैतिक अनुशासन सिखाती है इस प्रकार के गुण व्यक्ति को अधिक नैतिक और सदाचारी बनाते हैं। यह सब भी योग मार्ग पर चल कर ही पाया जा सकता है।

योग की उत्पत्ति हजारों साल पहले भारत में हुई। योग विद्या में शिव को पहले योगी या आदि योगी तथा पहले गुरु या आदि गुरु के रूप में माना जाता है। हजारों वर्ष पहले हिमालय क्षेत्र में आदि योगी ने इस ज्ञान को अपने प्रसिद्ध ऋर्षियों को दिया था। सत्पऋषियों ने इस योग विज्ञान को एशिया, मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण अमरीका सहित पूरे विश्व में पहुंचाया। अगस्त ऋषि ने यौगिक तरीके से जीवन जीने के इर्द-गिर्द इस योग संस्कृति को गढ़ा।

इतिहास में देखें तो सिंधु और सरस्वती घाटी सभ्यता के अनेक अवशेषों में भारत में योग की मौजूदगी हैं। लोक परंपराओं, सिंधु घाटी सभ्यता, वैदिक एवं उपनिषद की विरासत, बौद्ध एवं जैन परंपराओं, दर्शनों, महाभारत एवं रामायण नामक महाकाव्यों, शैवों, वैष्णवों की आस्तिक परंपराओं एवं तांत्रिक परंपराओं में योग मौजूद है।

वैदिक काल के दौरान सूर्य उपासना को सबसे अधिक महत्व दिया गया। इससे आगे चलकर 'सूर्य नमस्कार' की प्रथा का आविष्कार किया गया हो। महान संत महर्षि पतंजलि ने अपने योग सूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं को सुव्यवस्थित किया।

आइए, योग के कुछ नियमों का पालन और नियमित योगाभ्यास कर मन, आत्मा और शरीर को स्वस्थ बनाएं। सुंदर, स्वस्थ्य, शांतिपूर्ण जीवन के लिए योग एक संजीवनी के समान है।

**(लेखकः झारखंड भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# शुद्ध पेयजल केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** मौभांडार कोऑपरेटिव सोसाइटी के सौजन्य से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को मुसाबनी प्रखंड के सुरदा क्रौसिंग बाबा तिलका चौक में उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के विधायक रामदास सोरेन शामिल हुए। मौके पर दिशोम जाहिर गाढ़ कमेटी के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने विधायक रामदास सोरेन व उपस्थित सभी संस्थापक पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर शुद्ध शीतल पेयजल केंद्र का उद्घाटन लोकप्रिय विधायक रामदास सोरेन व सोहदा ग्राम प्रधान दिलीप हेंब्रम के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। मौके पर पूर्व जिला पार्षद बाघराय मार्डी, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, कान्हु सामांत, गौरांग माहली, सोमाय सोरेन, दिशोम जाहिर गाढ़ कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन मांझी, सचिव सुभाष मुर्मू, संस्थापक अध्यक्ष की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा रानी बेसरा, संस्थापक सदस्य धनु सोरेन, मास्टर श्याम मुर्मू, शोमाय टुडू, धानो मुर्मू, सुरदा ग्राम प्रधान लखन टूडू, सिंगराई हेम्ब्रम, कन्हैया मुर्मू, सीदो मुर्मू, मास्टर छबीलाल हेंब्रम समेत कई सदस्य व सैकड़ो ग्रामीण पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ की कार्रवाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर और आसपास के क्षेत्र में नकली विदेशी शराब का सप्लाई की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी। मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए एमजीएम थाना क्षेत्र के बालीगुमा वास्तु विहार के डुपलेक्स नंबर 185 से 12 पेटी अवैध नकली विदेशी शराब जब्त कर लिया। साथ ही शराब बनाने वाले कैरेमल, स्टिकर, ढक्कन व अन्य सामान बरामद कर लिया। मौके पर आबकारी विभाग ने बताया सूचना मिलने पर वास्तु विहार के डुप्लेक्स पहुंचे जहां ताला लगा हुआ था। ताले तोड़कर कारवाई करते हुए अवैध शराब को जब्त किया गया।

# एनआइटी जमशेदपुर में पूर्ववर्ती छात्र केंद्र का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पूर्ववर्ती छात्र केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को संस्थान के मुख्य प्रसाशनिक भवन में उत्साह पूर्वक किया गया। संस्थान के निर्माण 1960 किया गया था। बहुप्रतीक्षित ह्लपूर्ववर्ती छात्र केंद्रह्व का उद्घाटन नये निदेशक डॉ गौतम सुत्रधार व पूर्ववर्ती छात्र 1967 बैच सह आर.एस.बी. समूह के अध्यक्ष आर.के.बेहरा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य पूर्ववर्ती छात्र वर्चुअल माध्यम से देश व विदेशों से जुड़ कर समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ गौतम सुत्रधार ने किया। मौके पर एलुमनी छात्र के रूप में आर.के. बेहरा ने कहा आभारी हूं सभी एलुमनी छात्रों का जिनके प्रयास से आज 63 साल पुराने संस्थान में एलुमनी सेंटर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा एलुमनी छात्र संगठन के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार और चितरंजन सहाय का आभारी है। जिन्होंने मुझे लाइफ मेंबर बनाया। आज संस्थान का देश में 130वां स्थान है।

# कार्यशैली सुधारें या कार्रवाई के लिए तैयार हो जायें : उप विकास आयुक्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के उप विकास आयुक्त सह पोटका के वरीय प्रभारी मनीष कुमार ने पोटका प्रखंड का दौरा किया। मंगलवार को दौरे कर दौरान प्रखंड क्षेत्र मे चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों के साथ प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक मे मनरेगा, आवास, कल्याण, पशुपालन, समाज कल्याण, जनवितरण, शिक्षा विभाग,15वां वित्त आयोग व अन्य विभाग के कार्य की विस्तार से जानकारी ली। मौके पर लगभग सभी विकास योजनाओं में प्रखंड के खराब प्रदर्शन पर उन्होंने अप्रसन्नता जाहिर की। उप विकास आयुक्त ने कहा एक माह में प्रखंड को पहले स्थान पर लाना होगा। उन्होंने कहा पोटका प्रखंड के खराब प्रदर्शन के कारण राज्यस्तर पर जिला का प्रदर्शन खराब प्रदर्शित होता है। इसमें पदाधिकारी व कर्मियों की अपने कार्य के प्रति उदासीनता साफ दिखती है। प्रखंड के पदाधिकारी कर्मी अपने कार्यशैली मे सुधार लाये या जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव मे 7-8 योजना संचालित करते हुये मजदूरों को रोजगार से जोड़े। साथ ही महिला मजदूरों को पहली प्राथमिकता दें।

**अच्छा प्रदर्शन करने वाले होंगे पुरस्कृत, खराब प्रदर्शन पर नपेंगे**

उप विकास आयुक्त ने कहा प्रखंड से प्रत्येक 15 दिन का रिपोर्ट लिया जायेगा। उन्होंने कहा इसमे बेहतर काम करने वाले कर्मियों को सम्मानित भी किया जायेगा। साथ ही खराब प्रदर्शन करनेवालों के ऊपर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। पदाधिकारी कर्मी नियमित फिल्ड का दौरा करें। गांव-गांव जाएं और लोगों को सरकारी योजना का लाभ दें। उन्होंने कहा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। कर्मियों की फिल्ड में उपस्थिति की जानकारी लेंगे। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में सरकार की जितनी भी परिसंपत्ति जैसे तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, पीएम आवास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास, पीएचसी, स्कूल, हॉस्टल, सामुदायिक भवन, धुमकुड़िया भवन हैं सभी का अधतन रिपोर्ट फोटो सहित 2 दिनों के भीतर समर्पित करने के निर्देश दिए। बैठक में अंचलाधिकारी ईम्तियाद अहमद, बीएएचओ डॉ अशोक कुमार, बीसीइओ अरूण कुमार सिन्हा, बीईईओ अनील कुमार सिन्हा, बीपीआरओ अख्तर हुसैन, बीसी सोनी कुमारी, बीसी कानुराम मुर्मू, बीपीओ अभिशेषक शाह, मंगल महतो, एई अरिवंद हेंब्रम, बीपीएम मंटू मुंडा और अन्य उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आजाद सिपाही के केतार संवाददाता को पुत्री शोक, क्षेत्र के पत्रकारों ने मिल कर ढांढ़स बंधाया



**केतार (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही के केतार संवाददाता रविकांत चंद्रवंशी की नौ वर्षीय पुत्री दिव्यांशु वर्मा की घर पर ही आकस्मिक मृत्यु हो गयी। दिव्यांशु का अंतिम संस्कार पंडा नदी के किनारे किया गया, जिससे वातावरण गमगीन हो गया। दिव्यांशु जन्म लेने के बाद रोयी नहीं। उसका इलाज पलामू के सेवा सदन में कराया गया था। कुछ सुधार होने के बाद रांची के रिम्स में इलाज हुआ, परंतु जन्म के समय सिर की हड्डी दब जाने के कारण पूरा शरीर निष्क्रिय हो गया था। डॉक्टरों ने बताया था कि इसका इलाज संभव नहीं है। जब तक जीवित रहेगी तब तक उसकी सेवा करिए। दिव्यांशु चारपाई पर सोई रहती थी। न बोलती थी, न चल पाती थी और न ही अपने से खाती थी। बेड पर पड़ी रहती थी। अनाज थोड़ा बहुत खाती थी केवल दूध पीकर जीवित थी। मंगलवार को सुबह 9 बजे उसकी अचानक मृत्यु हो गयी। इससे परिजनों को रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृत्यु की सूचना पाते ही प्रखंड के सभी पत्रकार साथियों ने रविकांत के घर पहुंच कर सांत्वना देते हुए ढाढ़स बंधाया। मौके पर गोकुल कुमार, विकास सिंह, बिट्टू सिंह, सूरज चंद्रवंशी, इम्तियाज आलम, अंगद कुमार, पुरुषोत्तम प्रसाद उपस्थित थे।

### कांडी प्रखंड में लू लगने से सात लोगों की मौत, असहाय सोमरी देवी का मुखिया-उपमुखिया ने कराया अंतिम संस्कार

**कांडी (आजाद सिपाही)।** लू का प्रकोप पूरे प्रखंड में जारी है। बीते 24 घंटे में लू लगने से कांडी प्रखंड क्षेत्र में सात लोगों की मृत्यु हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां के आजाद नगर टोला निवासी हृदयानंद चौबे की 28 वर्षीय पुत्री देवंती देवी, पंचायत के ही संवडीह टोले पर कांडी केतार कोल्ह रोड पर ग्राम सलगा निवासी सरयू रजवार जो दोनों आंखों से सुर हैं झोपड़ी के सहारे अपनी पत्नी सोमरी देवी 56 वर्ष के साथ रहते थे। सोमरी देवी सोमवार को दोपहर में तीन बजे झोपड़ी से थोड़ी दूर स्थित चापाकल पर पानी लेने गई थी इतने ही देर में लू ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और वह बेसुध होकर गिर गई। ततपश्चात उसे उसकी झोपड़ी में लाया गया, जहां कुछ ही घंटो के बाद उसकी मृत्यु हो गयी। मंगलवार को मामले की सूचना पंचायत के मुखिया, उपमुखिया सहित सभी ग्रामीणों को युवा समाजसेवी राजेश शर्मा के द्वारा दी गयी। उसके पश्चात पंचायत की मुखिया रीता देवी, उपमुखिया श्रवण पासवान, पंचायत समिति सदस्य पूर्वी सुनील यादव, राजेश शर्मा, रामबरत यादव, सोनू चौबे की मदद से असहाय सोमरी देवी का दाह संस्कार करने हेतु शव को भेजा गया। वहीं मझिगावां पंचायत के ही वार्ड नंबर 10 निवासी विश्वनाथ रजवार 65 वर्ष, पिता जोखन रजवार, सड़की गांव निवासी 85 वर्षीय इनर पासवान व 75 वर्षीय सतनी कुंवर, पतीला गांव निवासी बदू मियां, शिवपुर पंचायत के अधौरा गांव उमवि की रसोइयां बछिया देवी की मृत्यु लू लगने से हो गई। सभी अपने-अपने घर से आवश्यक कार्य से घर से बाहर गए हुए थे।

### शांति निवास का अंकित जेइइ एडवांस परीक्षा में हुआ सफल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित शांति निवास हाई स्कूल के छात्र अंकित कुमार पांडेय ने जेईई एडवांस की प्रवेश परीक्षा में पूरे देश स्तर पर 7053 रैंक और ईडब्ल्यूएस में 908 रैंक लाकर अपने विद्यालय के साथ जिला का नाम रौशन किया है। मेराल प्रखंड के पेशका गांव निवासी अनंत कुमार दुबे के पुत्र अंकित कुमार दुबे ने मैट्रिक की परीक्षा शांति निवास हाई स्कूल से 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पास की थी। जबकि बारहवीं की परीक्षा सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज से प्रथम श्रेणी से पास की। अंकित कुमार दुबे ने बताया कि उसे शुरआत से ही मैथ और फिजिक्स पढ़ना पसंद था। स्कूली शिक्षा के दौरान उसके भैया ने उसे इन दोनों विषयों में और ध्यान देने और आईआईटी के बारे में जानकारी देते हुए आईआईटी करने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद वह आईआईटी करने का मन बना लिया। अंकित ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ सभी शिक्षकों को दिया है। उसने बताया कि उसकी इस सफलता के पीछे विद्यालय की सिस्टर रोशना का योगदान बहुत ही बड़ा है। उन्होंने उसे हर समय प्रोत्साहित करते हुए प्रतिदिन कठिन अध्ययन करने के लिए प्रेरित करती रहीं। स्कूल से जाने के बाद भी उससे तैयारी के बारे में जानकारी लिया करती थी और उसे मार्गदर्शन भी दिया करती थीं। अंकित ने कहा कि आईआईटी की परीक्षा में सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। अगर एकाग्र चित्त होकर लोग मेहनत करें तो सफलता अवश्य मिलेगी।

**प्रेस कांफ्रेंस : सामूहिक विवाह कर फिजूलखर्ची से बचें : विकास कुमार माली**

# दिसंबर में गढ़वा जिला में 101 कन्याओं का कराया जायेगा सामूहिक विवाह

**कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी शादी कराने के साथ-साथ कन्या एवं वर-वधू को विवाह सामग्री निशुल्क उपलब्ध करा रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी की ओर से गरीब कन्याओं का विवाह प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है। जिससे गरीब की बेटी की शादी हो रही है। वहीं गरीब परिवार के लोग आर्थिक रूप से मजबूत भी हो रहे हैं। क्योंकि सामूहिक विवाह से उनका किसी भी तरह का खर्च नहीं हो रहा है। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी मुफ्त में शादी कराने के साथ-साथ कन्या एवं वर-वधू को विवाह सामग्री निशुल्क उपलब्ध करा रही है। उक्त जानकारी कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने गढ़वा स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के बैनर तले झारखंड और बिहार में कुल अब तक 13 हजार असहाय निर्धन कन्याओं की शादी कराई गई है। वहीं संस्था की ओर से झारखंड बिहार सहित अन्य प्रदेशों में भी कन्याओं की शादी कराई गई है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप बन गया है। कई परिवार दहेज के चक्कर में पूरी तरह से बर्बाद हो जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सामूहिक विवाह की ओर अपना कदम बढ़ाना चाहिए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर होने के बजाय मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि विवाह में लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं। उसके बाद भी लोग बेहतर शादी नहीं करा पाते हैं। ऐसे में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के इस मुहिम में शामिल होकर जिला प्रशासन को भी सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना चाहिए। ताकि अंतरजातीय विवाह में जो प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार देती है उससे सामूहिक विवाह का प्रचलन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पलामू के मेदनीनगर में 51, गया जिला में 51 व नवादा जिला में 51 कन्याओं की शादी कराई गई। जबकि भागलपुर में 28 जून को 51 कन्याओं की शादी सोसायटी की ओर से कराई जाएगी। वहीं दिसंबर महीने में गढ़वा जिले के टाउन हॉल के मैदान में 101 कन्याओं की शादी कराई जाएगी। जिसमें हिंदू व मुस्लिम समुदाय की कन्याओं की शादी अलग-अलग रीति-रिवाजों से करायी जाएगी। जिसके लिए वर वधू को का चयन इस महीने से शुरू हो गया है।

मौके पर जिला प्रबंधक अयुब खान उर्फ बबन, जांच अधिकारी टिंकू तिवारी, जिला इंचार्ज मुकेश महतो, काउंसलर प्रतिमा कुमारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन विवाद और डायन बिसाही को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**दो महिला सहित एक बच्चा हुआ घायल**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के रपूरा गांव में दो घरों में हुए आपसी विवाद में जमकर मारपीट हुई। इसमें दो महिला एवं एक आठ वर्षीय बच्चा घायल हो गया। मारपीट के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस बुलाकर पहले पक्ष की घायल महिला सचिन पांडेय की पत्नी चांदनी देवी 32 वर्ष और पुत्र पीयूष पांडेय 08 वर्ष को मंझिआंव सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जबकि दूसरे पक्ष की घायल महिला मनोज कुमार पांडेय की पत्नी गुंजा देवी 26 वर्ष को उसके परिजनों द्वारा अस्पताल लाया गया। जहां पर सभी घायलों का उपस्थित चिकित्सक डॉ रजनीश कुमार की देखरेख में इलाज किया गया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद गंभीर रूप से घायल चांदनी देवी को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में पहले पक्ष की घायल महिला चांदनी देवी ने बताया कि उनके घर के आगे उनके कब्जे में गैरमजरूआ भूमि है, जिसे गिरिजाशंकर पांडेय व उनके पुत्रों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। रोकने पर वाद विवाद बढ़ा, इसके बाद ऋषि पांडे, प्रेम पांडे, गिरजाशंकर पांडे, गूंजा देवी, जूही कुमारी, लाडली कुमारी और सुहानी कुमारी द्वारा लाठी-डंडे एवं चाकू से हमला कर दिया गया। मुझे तथा मेरे बच्चे को बुरी तरह से मारा गया। इसी भूमि को लेकर पूर्व में भी हमलोगों के साथ मारपीट की गयी थी, जिसकी शिकायत आवेदन के माध्यम से थाना में की गयी थी। उसने कहा कि इस जमीन विवाद की जानकारी सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता को भी दी थी। इधर दूसरे पक्ष की घायल महिला गुंजा देवी ने डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मैं गोबर थाप रही थी, इसी बीच सचिन पांडेय, उनकी पत्नी चांदनी देवी, उसका पुत्र पीयूष पांडेय एवं भतीजा देवेन्द्र पांडेय का पुत्र आलोक पांडेय ने मुझे डायन कहते हुए लाठी, गड़ासे एवं तलवार से हमला कर दिया तथा यह कहते हुए कि यह मेरे बेटे को खा जायेगी, इसलिये इसको मार दो और मुझे मारते हुए घसीटने लगे तथा मेरे गले से सोने की चेन भी लूट लिये। साथ ही सचिन पांडेय ने मेरे पुत्र को अपनी गाड़ी से कुचलकर मार देने की भी धमकी दी।

इधर मझिआंव थाना में दोनों पक्षों के द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। इधर इस संबंध में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जरूरतमंदों को राहत देनेवाले निःशुल्क चावल बैंक के आज छह वर्ष हुए पूरे

**शौकत खान ने अब तक दो लाख से अधिक जरूरतमंदों को राहत पहुंचाकर सेवा कार्यों में अपना परचम को लहराया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मंगलवार को अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि आज ही के दिन उन्होंने गरीब असहाय मजदूर, रिक्शा चालक, ठेला चालक का बरसात के मौसम में काम काज ठप हो जाता है। उनके बीच खाने-पीने के लाले पड़ जाते हैं। यही सोचकर गरीब जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने की सोच लेकर हमने 2017 में आज ही के दिन निःशुल्क चावल बैंक की शुरुआत की थी। जिसके मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता के रूप में गढ़वा जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, गढ़वा सीआरपीएफ कमांडेंट कैलाश आर्या, गढ़वा एसडीएम प्रदीप कुमार, गढ़वा जेल अधीक्षक साकेत बिहारी सिंह ने संयुक्त रूप से मिलकर निःशुल्क चावल बैंक की शुरुआत की थी। साथ ही समाजसेवी शौकत खान की निस्वार्थ सेवा कार्यों की सराहना की थी। वहीं शौकत खान ने गरीबों के प्रति अपनी मानवता भरी इंसानियत निभाते हुए आम नागरिकों के सहयोग से प्रतिदिन जरूरतमंदों की सेवा करते हुए आज निःशुल्क चावल बैंक का छह वर्ष पूरा किये। उन्होंने अब तक दो लाख से अधिक जरुरतमंदों को राहत पहुंचाकर देश दुनिया में सेवा कार्यों में अपना परचम को लहराया है। यहां से कोई भी जरूरतमंद लोग दो किलो चावल प्रतिदिन ले जा सकता है। इतना ही नहीं, शौकत खान ने कोरोना काल में बिना किसी से सहयोग लिए निःशुल्क मोबाइल चावल बैंक खोलकर शहर से गांव-गांव तक के लाखों लोगों को राशन पहुंचाने का अनोखा काम किया है। जिसके लिए शौकत खान को 50 से अधिक कोरोना योद्धा अवार्ड देश भर से मिल चुका है। शौकत खान का एक दो नहीं बल्कि चार-चार निःशुल्क बैंक प्रतिदिन संचालित होता है, वो भी झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशिष कुमार तिवारी जी के सम्मान में।

## पलामू शल्य चिकित्सा संघ ने मिड जेसिकॉन कांफ्रेंस का किया आयोजन



**अखिल भारतीय शल्य चिकत्सक संघ, झारखंड चैप्टर के अगले सत्र के अध्यक्ष पद के लिए डॉ आर एन सिंह को किया गया निर्वाचित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय शल्य चिकित्सा संघ झारखंड इकाई के द्वारा लातेहार जिले के प्रसिद्ध नेतरहाट विद्यालय के सभागार में पलामू शल्य चिकित्सा संघ के तत्वावधान में मिड-जेसिकॉन (अर्ध वार्षिक) कांफ्रेंस का अयोजन 17-18 जून को किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के नामी गिरामी शल्य चिकित्सकों के अलावा देश के महानगरों से जाने-मानें शल्य चिकित्सकों ने भी भाग लिया। नई दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल के विश्वविख्यात सर्जन डॉ प्रवीण भाटिया, कोलकाता के रूबी जनरल हॉस्पिटल के डा. सुमंता दे, पटना के डा. अंशु अत्रेय ने इस कार्यक्रम में लेप्रोस्कोपिक हर्निया के बारे में जानकारी साझा की। झारखंड शल्य चिकित्सक संघ के वरिष्ठ सर्जन डा. आरपी श्रीवास्तव एवं चेयरमैन डा. सतीश मिधा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन पलामू शल्य चिकित्सक संघ के द्वारा किया गया। राज्य के विभिन्न शल्य चिकित्सकों के द्वारा सर्जरी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। नेतरहाट विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने भी शिरकत किया और शल्य चिकित्सा के बारे जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ आरएन सिंह की अध्यक्षता में हुई एवं सचिव डॉ संजय कुमार, डॉ एसके सिंह, डॉ सुशील कुमार पांडे, डॉ सतीश कुमार, डॉ अनवर नेजाम, डॉ निशांत और जिले के विभिन्न शल्य चिकित्सकों ने सहयोग किया। इस आयोजन में अखिल भारतीय शल्य चिकत्सक संघ, झारखंड चैप्टर के अगले सत्र के अध्यक्ष पद के लिए डॉ आर एन सिंह को निर्वाचित किया गया। मंच का सचालन डॉक्टर कुमार निशांत सिंह एवं डॉ सतीश सिंह ने किया।

### अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को घर जाकर किया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** चिनिया रोड निवासी सरजू प्रसाद अग्रवाल सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के पौत्र एवं हरि शंकर अग्रवाल के पुत्र मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पूरे भारत में 319वां रैंक लाकर एवं मेन रोड निवासी प्रवीण सोनी की पुत्री धारा सोनी जेईई मेंस में 8800वां रैंक लाकर वैश्य समाज का नाम ऊंचा किया है। इन दोनों बच्चों को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा इकाई के अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल की अध्यक्षता में उनके घर पर जाकर सरस्वती मां का चित्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के द्वारा कहा गया कि बहुत गर्व की बात है कि गढ़वा वैश्य समाज के बच्चे प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल आ रहे हैं। हम सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं एवं दोनों बच्चे के माता-पिता को भी बधाई दे रहे हैं। इनके अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं, जिससे देश प्रदेश और समाज का नाम ऊंचा होगा। इससे अन्य बच्चों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिससे वैश्य समाज के और बच्चे पढ़ाई के क्षेत्र में आगे आयें। मौके पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के महामंत्री उमेश कश्यप, सचिव दौलत सोनी, कोषाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष संतोष केसरी, विनोद जायसवाल, सदस्य शुभम केसरी, आकाश केसरी, विशाल गुप्ता, संजय केसरी, राजकुमार केसरी, संजय ठाकुर उपस्थित थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए दस अगस्त तक करें आवेदन : प्राचार्य

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2024 के लिए छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। नवोदय में नामांकन के लिए दस अगस्त तक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं तथा ऑनलाइन आवेदन करें। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रामानंद ने बताया कि समिति ने यह अधिसूचना 19 जून को जारी कर दी है। जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाले इच्छुक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 तक है। इसके लिए कोई भी विद्यार्थी जो फिलहाल 5वीं कक्षा में पढाई कर रहा है, आवेदन कर सकता है। विद्यार्थी को इसके लिए जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की प्रवेश परीक्षा पास करनी होगी। इसके लिए उम्मीदवार (विद्यार्थी) की उम्र की समय सीमा भी तय की गई है। विद्यालय की शर्तों के मुताबिक, विद्यार्थी का जन्म 1 मई 2012 से 31 जुलाई 2014 के बीच होना चाहिए।

**अवैध बालू उत्खनन : भंडरिया प्रखंड क्षेत्र में रात में अवैध बालू के हो रहे परिवहन से लोगों की नींद हुई हराम**

# आधी रात को ट्रैक्टरों की आवाजाही के शोरगुल से लोग हैं परेशान

**बालू माफिया विभिन्न नदी-नालों का अस्तित्व खतरे में डालने का काम कर रहे हैं लेकिन इसे देखने-सुनने वाला कोई नहीं है**

अशोक कुमार



**भंडरिया।** बालू माफियाओं के द्वारा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए रात के अंधेरे में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जिससे सरकार को हजारों रुपए के राजस्व की क्षति पहुंच रह है। वहीं बालू माफियाओं के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी नालों का अस्तित्व खतरे में डालने का काम किया जा रहा है। लेकिन इसे देखने सुनने वाला कोई नहीं। सभी लोग कान में तेल डालकर सो रहे हैं। पूरी रात अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों का परिचालन प्रशासन के नाको तले मुख्यालय में हो रहा है। जहां भंडारिया प्रखंड समेत कई जगहों पर बालू माफिया बालू का अवैध उत्खनन कर रातों रात मालामाल हो रहे हैं। पदाधिकारियों की चुप्पी को देखते इस गोरखधंधे में उनके संलिप्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिस तरह बालू माफियाओं के द्वारा सरेआम मुख्यालय में अवैध बालू की ढोलाई की जा रही है उसे देखकर लगता है कि पुलिस प्रशासन सहित सरकारी महकमे का संपूर्ण संरक्षण बालू माफियाओं को प्राप्त है। रात के 9 बजते ही बालू लदे ट्रैक्टरों का परिचालन शुरू हो जाता है, जो सुबह के पांच बजे तक चलता है। जिससे आमलोग रात को ठीक से नींद भी नहीं ले पाते तथा ट्रैक्टरों की आवाज से परेशान हो जाते हैं। स्थानीय लोगों के द्वारा अवैध बालू परिवहन की जानकारी यहां के पदाधिकारियों को दी गई है लेकिन इनके द्वारा बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे सरकारी महकमे से आम नागरिकों का विश्वास उठता जा रहा है। आम लोगों के द्वारा हो रहे अवैध बालू ढुलाई को लेकर बोलने पर बालू माफियाओं के द्वारा जान से मारने समेत जहां-जाना है जाओ सब मैनेज है समझ लेंगे की धमकी देते रहते हैं। इस तरह से हो रहे अवैध धंधे से किसी दिन अप्रिय घटना घटने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। बताते चलें कि दस जून से सरकार के द्वारा बालूघाट से बालू का उत्खनन और परिवहन बंद है।

## क्लिनिक ऑन स्क्रीन में 24 जून को सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर करेंगे पेट और गैस संबंधी बीमारी का इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** क्लीनिक ऑन स्क्रीन गढ़वा जैसे पिछड़े इलाके में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर को बुलाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा का बड़ा कार्य कर रहा है। इसके इस प्रयास से दूरदराज के लाचार एवं गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में रांची के पल्स सुपर स्पेशलिटी एवं पारस हॉस्पिटल के कंसलटेंट सुप्रसिद्ध गैस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट डा. आदित्यवर्द्धन सिंह शनिवार यानी 24 जून को पेट और गैस से संबंधित रोगों का इलाज करेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ सिंह ने बताया कि पाचन तंत्र, अग्नाशय, पेट, लीवर, गालब्लाडर में आने वाले गड़बड़ी अथवा समस्या गैस्ट्रो के अधीन



आता है। इसका लक्षण ज्यादा गैस बनना, छाती में दर्द, खट्टा डकार, पेट में दर्द, पतला पैखाना, पीलिया, काला पैखाना होना आदि है। उन्होंने कहा कि कुछ मरीज थोड़ा आराम लगते ही दवा खाना छोड़ देते हैं और परहेज भी करना बंद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि पेट संबंधी रोगों का संबंध कई अन्य रोगों के साथ होता है। इसलिए डॉक्टर की सलाह से ही दवा लेने अथवा न लेने का फैसला करें। क्लीनिक के निदेशक बाबू शक्ति सिंह ने कहा कि गढ़वा जैसे इलाके में कई रोगों के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर आ रहे हैं एवं लोगों को चिकित्सीय लाभ पहुंचा रहे हैं। जिला मुख्यालय के चिनिया रोड स्थित क्लीनिक ऑन स्क्रीन बड़े शहरों की तरह गढ़वा में एक बड़ा विकल्प के रूप में खड़ा हो रहा है। आने वाले समय में इस क्लीनिक से उन सारे रोगों का इलाज संभव होगा जो बाहर के बड़े-बड़े अस्पताल में मौजूद हैं।

सुपरस्पेसलिस्ट चिकित्सकों के बारे में 9835771738 अथवा 7061962110 पर संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### खूंटी में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

# प्रभु जगन्नाथ नौ दिनों के विश्राम पर पहुंचे मौसी बाड़ी





खूंटी और तोरपा में रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जिला मुख्यालय सहित जिला के अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की रथयात्रा पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गयी। रथयात्रा के पूर्व भगवान के तीनों विग्रहों का महास्नान, श्रृंगार सहित कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। जिला मुख्यालय में सीआरपीएफ 94 बटालियन के कैंप में भगवान के तीनों विग्रहों की वैदिक मंत्रों से पूजा-अर्चना की गई और शाम को कैंप परिसर से मिश्रा टोली स्थित दुर्गा मंदिर तक भव्य रथयात्रा निकाली गयी। सीआरपीएफ 94 बटालियन द्वारा आयोजित रथ यात्रा के आयोजन में सीआरपीएफ के अधिकारी जवानों सहित सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए। दूसरी ओर जिला के जरियागढ़ में राजपरिवार के सदस्यों ने मदनमोहन गुड़ी में तीनों विग्रहों को रथारूढ़ किया और वहां से पुराने किले तक रथयात्रा निकाली गयी। जैसे ही रथयात्रा निकली, रथ का रस्सा खींचने के लिए लोगों में होड़ मच गयी। हर कोई रथ के रस्से या रथ को छूने के लिए आतुर दिखा। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ का रस्सा को छू लेने मात्र से सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है। भगवान के रथ के आगे भक्त मृदंग और ढोल-मंजीरे के ताल पर नाचते-गाते और भजन करते चल रहे थे। पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में लाल जयेंद्र नाथ शाहदेव, लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, लाल ध्रुवेंद्र नाथ शाहदेव, लाल विजय नाथ शाहदेव, लाल जयेंद्र नाथ शाहदेव, सत्येंद्र नाथ शाहदेव, उदय नाथ शाहदेव, धीरेंद्र नाथ शाहदेव, राजदीप नाथ शाहदेव, ज्योतिंद्र नाथ शाहदेव आदि ने सहयोग किया। इसके अलावा कर्रा



बुंडू में रथयात्रा में शामिल लोग

प्रखंड के झपरा, तोरपा प्रखंड मुख्यालय और तपकारा भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ रथयात्रा निकाली गई।

### तोरपा निकली भव्य रथ यात्रा

घुमड़ते बादल और धूप की लुका-छिपी के बीच तोरपा में हर्षोल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली। ढोल-बाजे के साथ सैकड़ों लोग भगवान जगन्नाथ का रथ खीचने के लिए जुटे थे। भगवान जगन्नाथ को उनकी मौसी बाड़ी ले जाया गया, जहां आठ दिन रहने के बाद नौवें दिन भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी बाड़ी से अपने घर वापस लौटेंगे। रथ पर बलभद्र और सुभद्रा के साथ विराजमान भगवान जगन्नाथ की झांकी का श्रृंगार बहुत ही सुंदर और भव्य किया गया था। श्रद्धालुओं के द्वारा हरे रामा हरे कृष्णा के जयघोष के साथ रथ को श्रद्धापूर्वक और भक्तिभाव से खींचते हुए ले जा रहे थे। इस दौरान रथ यात्रा जहां से भी जा रहा था, लोग भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेकर खुद को धन्य मान रहे थे। कोटेंगसेरा स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुरी की तर्ज पर भगवान की रथ यात्रा भक्तिमय उल्लास के साथ मंदिर परिसर से निकाली गई जो मेन रोड होते हुए हिल चौक देवी मंडप तक गई वहां से पुनः उसी रास्ते से मौसीबाड़ी गई। रथ यात्रा से पूर्व सुबह से ही मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम व बहन सुभद्रा का श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ किया। इधर दूसरी तरफ वैष्णव व गोपियों की टोलियों के कीर्तन से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया था। दोपहर दो बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां प्रसाद लेने के लिए भक्त उमड़ पड़े थे।

### बुंडू में रथ यात्रा मेला का आयोजन

बुंडू के मौसी बाड़ी रथटांड़ परिसर में रथ यात्रा मेला का आयोजन किया गया। मेला पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार बुंडू राधा रानी मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मौसी बाड़ी मंदिर के परिसर में लायी गयी। मेला को देखने के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और मेला का आनंद उठाए। नौ दिन बाद भगवान जगन्नाथ पुनः राधा रानी मंदिर वापस पहुंचेंगे। मेला समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण महतो ने बताया तीन दिन तक लगातार हरि कीर्तन मौसी बाड़ी मंदिर में आयोजित होगा। जिसमें क्षेत्र के छह कीर्तन टीम दिन रात 24 घंटा हरि भजन कीर्तन करेंगे। इस मौके पर एसडीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर पंकज भूषण, गणेश महतो, रोशन महतो, विकास गोराई, रंजीत लोहरी, मदन कुमार महतो, राजीव लोचन महतो, राज किशोर कुशवाहा के अलावा बड़ी संख्या में बुंडू के गणमान्य लोग रथ यात्रा में शामिल थे।

## 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए निकाली प्रभातफेरी



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** विश्व योग दिवस से लोगो को जोड़ने के लिए ब्रह्म मुहूर्त को सिल्ली धर्मशाला योग संस्थान के तरफ से प्रभात फेरी ग्राम विकास हाई स्कूल से थाना तक भव्य प्रभात फेरी निकाला गया । जिसमे महिला, बच्चे, युवा बुजुर्गो ने बड़ चढ़ कर भाग लेकर कार्य कर्म को सफल बनाया तथा लोगों तक योग का संदेश फैलाया गया। कृष्ण कुमार ने कहा कि नियमित रूप से योग करने पर मानव का शारीरिक व मानसिक रोगों का जड़-मूल से निवारण हो जाता है। उन्होंने इस अमूल्य योग विद्या का निःशुल्क दीक्षा प्राप्त करने के लिए व पूरे दुनिया में भारत के गौरव बढाने के लिए 21 जून को योग महोत्सव पर सभी के शामिल होने का आह्वान किया।

## एक नर्स के भरोसे चल रहा है बीरबांकी अस्पताल



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के बीरबांकी अस्पताल में (पीएससी) में न डाक्टर है न बिजली, सोलर और न पानी। एक नर्स के भरोसे चल रहा है अस्पताल। आज जब संवाददाता उक्त अस्पताल में पहुंचा तो देखा कि यहां सभी नदारत हैं। सिर्फ सरकार की तरफ से एक अस्पताल खोला गया है। यहां एक सप्ताह से बिजली नहीं है। सोलर खराब है। इनभर्टर महीने से खराब पड़ा है। अस्पताल में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। नर्स पुलिस कैंप से पानी लाती है। यह अस्पताल खुद रो रहा है। यहां कैसे इलाज संभव हो पायेगा। बिजली का ट्रांफार्मर लगा है, लेकिन उसे चालू नहीं किया गया है। फिर हम कैसे चिकित्सा की कल्पना कर सकते हैं। सिर्फ एक नर्स कुछ दवाई लेकर बैठी रहती है। सभी बिमारी की एक दवाई देती है। एम्बुलेंस विधायक द्वारा दी गयी है वह अस्पताल की शोभा बढ़ा रही है। एक प्राइवेट चालक है। वह फोन करने पर आता है। सरकारी व्यवस्था नगण्य है। ग्रामीणों ने इसमें सुधार करने की मांग की है।

## आजसू पार्टी का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा : गोपेश

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में मंगलवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो उपस्थित ने कहा कि 22 जून को पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अब तक 35 साल से अन्य विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी को ही राजनितिक दलों को टिकट दिया जाता है और विधायक बने हैं, लेकिन आजसू पार्टी ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जिसने हमेशा से केवल स्थानीय लोगों को उम्मीदवार घोषित किया है। 22 जून को बूथ संख्या एक, पीलिद गांव से हर घर में पार्टी का झंडा लगाकर आजसू पार्टी को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है, जिसकी शुरुआत आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के कर कमलों से की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप में योगेंद्र नाथ महतो, गुरुपद सोरेन, गुरुचरण महतो, जीतूराम महतो, तुलसी महतो, गुरुचरण महतो, दिलीप दास, भगत सिंह मुंडा सहित प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोयलांचल क्षेत्र के विस्थापित रैयतो की समस्याओं से कराया अवगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर उन्हें कोयलांचल क्षेत्र के विस्थापित रैयतों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार सिमरिया में संपन्न हुए झामुमो के कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर इकबाल हुसैन ने सीसीएल के पिपरवार, मगध आम्रपाली एवं एनके के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि पिपरवार, मगध, आम्रपाली एवं एनके, संघमित्रा, चंद्रगुप्त के साथ



एनटीपीसी कोल माइंस बड़कागांव के विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री को 11 सूत्री ज्ञापन सौपा गया है।

ज्ञापन में गैर मजरुआ भूमि पर नौकरी, निजी कंपनियों मे 75 प्रतिशत विस्थापित एवं स्थानीय लोगों को रोजगार, एक करोड़ तक ठेका कार्य नियम को लागू कराने, ट्रांसपोर्टिंग सड़क को अलग करने, विस्थापितों के लिये व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण, पुनर्वास गांव में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था बहाल कराने, खदान के विस्तारीकरण हेतू भूमि सत्यापन कराने, वन पट्टा निर्गत करने, फॉरेस्ट क्लियरेन्स करने, डीएमएफटी फण्ड से विस्थापित व प्रभावित पंचायत को लाभान्वित करने, रोजगार हेतू रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने, झारखंड सरकार द्वारा संचालित सभी विकास योजना को विस्थापित क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ लागू करने, विस्थापन आयोग का गठन करने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू करने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री ने ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र पहल एवं कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## राहे में 27 घंटे से बिजली गुल

**राहे (आजाद सिपाही)।** पहली बारिश ने बिजली विभाग की नाकामी का पोल खोल दिया है। सोमवार शाम 3 बजे बिजली कट हुई थी जो मंगलवार शाम 6 बजे तक नहीं आयी थी। 27 घन्टे तक बिना बिजली के लोग रहे। पूरे प्रखंड के अधिकांश लोगों के मोबाइल ऑफ हो गये हैं। बिजली के सारे उपकरण बंद पड़े हैं। मंगलवार को उमश भरी गर्मी को लोगों ने झेला है।

## लांदुपडीह पंचायत में हाथियों ने किया उत्पात

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लांदुपडीह पंचायत के चोड़वाडीह, जोरदा और सायाटांड़ गांव में सोमवार रात जंगली हाथियों का झुंड ने किसानों के फसल को नष्ट किया है। गांव के जयपाल सिंह मुंडा, रामधन अहीर, पंचानन अहीर, मृत्युंजय अहीर के खेत में लगी सब्जी की फसलों को खाया और नष्ट किया है। मंगलवार सुबह वन विभाग ने खतों में जाकर नुकसान की जानकारी ली और किसानों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया।

### चोरी : पिपरवार में दो सीसीएल अधिकारियों के क्वाटर को चोरों ने बनाया निशाना

# बंसत विहार में क्वार्टर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**घटना में शामिल चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा : थाना प्रभारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सबसे बड़े आवासीय कॉलोनी बसंत विहार के सी टाइप आवासीय परिसर मे मंगलवार को दिन के उजाले में अज्ञात चोरों ने दो सीसीएल अधिकारियों के क्वार्टर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने उक्त दोनों अधिकारियों के क्वार्टर का ताला तोड़कर कई सामानों की चोरी कर ली। घटना के वक्त अधिकारी क्वार्टर में नहीं थे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बंसत विहार कालोनी के सी टाईप पिपरवार ब्लॉक मे पिपरवार परियोजना के सहायक कार्मिक प्रबंधक सौमित सेनापति के क्वार्टर नंबर सीई-04 और मगध परियोजना के सीनियर मैनेजर माइनिंग सत्यानारायण साह के क्वाटर नम्बर सीई-05 का अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर चोरी की। घटना की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और स्थानीय पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। भुक्तभोगी अधिकारी सौमित सेनापति ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह वह ड्यूटी पर गया था,दोपहर में लौटने के बाद क्वाटर का ताला टूटा था, जिसके बाद उसे चोरी की घटना की जानकारी मिली। वहीं उसके पड़ोसी सत्यानारायण साह अपने गांव शादी मे गया हुआ है, जिसे दूरभाष पर चोरी की घटना की सूचना दे दी गई है। सैमित सेनापति के क्वार्टर से चोरों ने दो घड़ी, चश्मा सहित अन्य सामानो की चोरी की है, जबकि सत्यनारायण साह के क्वाटर मे चोरों ने करीब चार अलमीरा और एक बक्शा का ताला तोड़कर कई सामानों की चोरी की है। भुक्तभोगी के आने के बाद ही चोरी किए गए सामानों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। इधर घटना के बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिपरवार पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि चोरी की इस घटना में शामिल चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।वही दिन के उजाले में सीसीएल अधिकारियों के क्वार्टर में हुई चोरी की इस घटना के बाद कॉलोनी में रहने वाले अन्य अधिकारी और कर्मचारी दहशत में है। ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह के भीतर चोरी की यह पांचवीं घटना है,इससे पूर्व चोरों ने वनबीआर कॉलोनी के चार अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय शिविर में लोगों ने किया योग



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वस्थ मन स्वस्थ तन के लिए योग के मूलमंत्र को लेकर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की खूंटी नगर शाख द्वारा मंगलवार से दो दिवसीय योग शिविर की शुरूआत राजस्थान भवन में किया गया। प्रातः 5.30 से 6.30तक आयोजित योग शिविर में कई लोगों ने भाग लिया। 21 जून को भी सुबह 5.30 बजे से योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक विकास और खेलकूद संयोजक के रूप में पूजा जैन, निक्की जैन और रश्मि जैन सहित मंच के सदस्य इसके सफल आयोजन में योगदान दिया। मंच के अध्यक्ष अंकित जैन ने कहा कि अगर हम योग को अपने दिनचर्या में शामिल कर लें, तो हमें कई बीमारियों से छुटकारा मिल जाएगा। योग कोच पूजा जैन ने कहा कि भले योगा की उत्पत्ति हजारों साल पहले हुई हो, लेकिन योग से हम आज भी नई एवं जानलेवा बीमारी से बच सकते है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हम कोरोना काल में देख चुके हैं।

### बिरसा कॉलेज स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन आज

**खूंटी। (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिले में विशेष आयोजन की तैयारी की जा रही है। 21 जून को जिला स्तर पर बिरसा कॉलेज स्टेडियम में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सुबह छह बजे से आयोजित होनेवाले योग दिवस में योग प्रशिक्षक के रूप में अशोकानंद शास्त्री (बालाजी गुरुकुलम हैदराबाद) शामिल होंगे। साथ ही पतंजलि एवं जिला आयुष समिति के सभी सदस्य योग दिवस में भाग लेंगे। उपायुक्त के निर्देश पर जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मियों के साथ ही सीआरपीएफ और पुलिस कर्मी भी शामिल होंगे। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक भी इसमें प्रतिभागी रहेंगे। आयोजन को लेकर जिला आयुष पदाधिकारी और पतंजलि योग समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। योग दिवस पर अधिक से अधिक लोग जिला स्तर के कार्यक्रम में हिस्सा ले सकें, इसे लेकर जिले में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### विधायक सविता महतो ने टीएमएच में 99 हजार का बिल माफ कराया

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवलटांड़ पंचायत के आगसिया टोला धातकीडीह निवासी भोला महली की तबियत खराब होने के कारण परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनका अस्पताल में बकाया बिल करीब डेढ़ लाख रुपये हो गया था। वहीं परिजनों ने अस्पताल का बकाया बिल चुकाने में असमर्थता जताते हुए इसकी जानकारी विधायक सविता महतो को दिया।विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रबंधन से वार्ता करके करीब 99 हजार रुपये बिल माफ कराते हुए मरीज को अस्पताल से छुट्टी दिलाई ओर घर भेजे,इसकी जानकारी काबलू महतो ने दिया।

### आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के जन्म दिवस पर पौधरोपण का निर्णय

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी तमाड़ विधानसभा की ओर से 21 जून को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के जन्म दिवस के अवसर पर तमाड़ विधानसभा के विभिन्न जगहों पर पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया है। अड़की प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अड़की, तमाड़ पुर्वी के तड़ाई उच्च विद्यालय (रड़गांव), तमाड़ पश्चिमी में अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय तमाड़ एवं बुण्डू प्रखण्ड में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बुण्डू के प्रांगण में पौधरोपण किया जाएगा।

### बीआरपी सीआरपी संघ प्रतिनिधिमंडल ने तमाड़ विधायक को ज्ञापन सौंपा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बीआरपी सीआरपी संघ रांची जिला इकाई के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल तमाड़ विधायक से मुलाकात की तथा एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी कि बीआरपी सीआरपी की लंबित समस्या के समाधान एवं सेवाशर्त नियमावली को लेकर आगामी कैबिनेट की बैठक में पास करने हेतु ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, कमलाकांत मेहता, मो. मनीरउद्दीन, कमरू जमा, जय कुमार, नौशाद अंसारी, राजकुमार गोराई, विकास चक्रवर्ती, अक्षय दास, आनंद कुंडू, अशोक कुमार, कुलदीप महतो, साकेत कुमार आदि उपस्थित थे।

### भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष ने सीएचपी पीओ को सौंपा ज्ञापन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के ग्राम बन्हे में उत्पन्न पानी समस्या को लेकर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के एक दल ने सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनजंय कुमार से मिलकर उन्हें इससे संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने बताया कि बन्हे के ग्रामीण कई वर्षों से पानी की समस्या का सामना कर रहे है। ग्रामीणों को हो रही मुश्किलों के निदान के लिए हम लोगों ने ज्ञापन देकर सीएचपी पीओ से इसका अतिशीघ्र निदान कराने का आग्रह किया है,जिस पर पीओ द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण गांव के सभी कुएं और तालाब भी सुख चुके है,जिसके कारण इस गांव की महिलाएं आधा किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाने को विवश है। इस पर सकारात्मक पहल करते हुए परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने कहा की अपने स्तर से जो भी बन पड़ेगा वह मैं करने के लिए तैयार हूं और उन्होंने जल्द से जल्द पानी की दिक्कत को इस गांव से दूर करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,संजय कुमार गंझु, उदय शर्मा,प्रदीप महतो विक्रम कुमार,नरेश महतो,ललिता देवी, भगिया देवी, निरासो देवी,राधा देवी, जागिया देवी,रंजाना देवी, फूलकुमारी देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 21 जून, 2023
www.azadsipahi.in
09

## बेड़ो के ईंटा चिल्द्री व चनकोपी में आस्था, भक्ति व उत्साह के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

# श्रद्धालु तीनों विग्रहों को आरूढ़ कर रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी तक लाये

**मंदिर से बाहर आकर जगत का कल्याण करते हैं भगवान जगन्नाथ : गंगोत्री कुजूर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के ईंटा चिल्द्री व चनकोपी गांव में पारंपरिक रथ यात्रा आस्था,भक्ति व उत्साह के साथ मनाया गया। जहां श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान महाप्रभु जगरनाथ भाई बलराम व देवी सुभद्रा की पूजा अर्चना की। प्रखंड के दोनों ऐतिहासिक स्थलों में मंगलवार की प्रातः पांच बजे तीनों विग्रह की विशेष पूजा और महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का दरवाजा खोल दिया गया। जहां ईंटा चिल्द्री में पुजारी सत्यनारायण पाण्डेय,उदय दास व यजमान लाल गोकुल नाथ शाहदेव व लाल मोहन नाथ साहदेव तथा चनकोपी मंदिर में सत्यवीर मिश्रा व पुरोहित बालमुकुन्द मिश्रा ने यजमान लाल संजय नाथ की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। जहां सुबह से ही भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा के रूप का दर्शन और पूजा अर्चना कर सुख शांति के लिए महाप्रभु से आशीष मांगा। इस दौरान पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजुर शामिल हुई व महाप्रभु की पूजा अर्चना कर समस्त प्रदेश वासियों के लिए सुख समृद्धि व उन्नति की कामना करते हुए रथयात्रा की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आकर जगत का कल्याण करते हैं। महाप्रभु की कृपा और आशीर्वाद हम सब पर बनी रहे। इस दौरान परंपरा अनुसार पूर्व विधायक ने चन कोपी मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण आवश्यक है। इधर दोनों स्थलों में रथ मेला का आयोजन किया गया। शाम साढ़े चार बजे ईंटा के गांव के पहान मंगरा उरांव द्वारा मंदिर प्रांगण में सफेद झंडा गाड़ कर विधिवत पूजा की गयी। इसके बाद शाम पांच बजे रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने रथ में तीनों विग्रहों को आरूढ़ कर जगरनाथ स्वामी के जयघोषों के साथ रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी तक लाये। वही पूर्व विधायक ने भी रथ खींचा। इधर प्रखंड के चनकोपी गांव शाम साढ़े पांच बजे भक्तों ने भगवान जगन्नाथ सुभद्रा एवं बलभद्र को रथ पर बैठा कर पूरी श्रद्धा के साथ मौसीबाड़ी पहुंचाया।

मौके पर भोगेन सोरेन, भीखा उरांव, जतरु उरांव राजेश साहू मौजूद थे। वहीं रथ यात्रा को सफल बनाने में लाल राधेश्याम नाथ शाहदेव, संजय शाहदेव, सतीश शाहदेव, शशिकांत शाहदेव, सच्चिदानंद शाहदेव, संदीप शाहदेव, अरविंद शाहदेव, नवीन शाहदेव, मनदीप शाहदेव, लाल संजय, लाल सुमन नाथ, लाल कमलेश, लाल सेवक, लाल सत्यप्रकाश, मनी साहु, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, सुनिल गोप, जगरनाथ उरांव, सोमरा उरांव व विजेन्द्र उरांव, रामवृक्ष महतो, भवरा महतो, अर्जुन महतो, मनमोहन महतो, लाल मोहन महतो, जितुआ महतो, सुदर्शन साहू, महावीर वीरेंद्र गोप, जुगल गोप सहित अन्य लोगों ने रथ यात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया।

## इटकी में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**इटकी (आजाद सिपाही)।** भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की गुड़ीचा के लिए रथयात्रा निकाली गयी व मेला लगा। रथयात्रा को लेकर मंदिर का पट प्रातः में ही खोल दिया गया । पट खुलते ही भगवान के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं के लिये मंदिर परिसर में भगवान का महाभोग के रूप में खिचड़ी की व्यवस्था की गयी थी। अपराह्न करीब पांच बजे भगवान जगन्नाथ के अलावा भाई बलराम व बहन सुभद्रा सहित अन्य विग्रह व प्रतिमाओं को मंदिर से निकाल कर रथ पर आरूढ़ दिया गया। महाआरती के बाद मौसीबाड़ी मंदिर के लिये रथयात्रा शुरू हुई। रथ पर मंदिर के प्रबंधक लाल अश्विनी व पुजारी सुंदर श्याम तिवारी सहित अन्य सवार थे। रथयात्रा में मुख्य रूप से लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कमेश बर्मन, अजीत केसरी, कंचित शाही, देवेंद्र महतो, कृष्णा राम तिवारी व अनिल तिवारी के अलावा उप प्रमुख परवेज राजा, कलीम अंसारी, आजाद कुरैशी व बबलू हाशमी सहित अन्य शामिल थे।

## राजकिले की रथ पूजा व मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**भाई व बहन संग मौसी घर गये भगवान जगन्नाथ, नौ दिन बाद लौटेंगे मुख्य मंदिर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** राज किले की ऐतिहासिक रथयात्रा पूजा व मेले में मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शाम 4: 30 बजे स्वामी जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर मौसी के घर चले गये। इस बीच भगवान की जयकारे से वातावरण गूंज उठा। किला स्थित जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने देवी देवताओ की पूजा अर्चना की। प्रसाद वितरण में भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा अनुष्ठान राजपुरोहित भोला शंकर मिश्र समेत अन्य पुजारियो ने कराया। नौ दिनों की विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ मुख्य मंदिर लौट आयेंगे। मेले में सभी तरह की दुकाने सजी थी। मेलार्थियों ने घरेलु चीजो के अलावा चौउमिन, आम, व मिठाई की जमकर खरीदारी की। ठेला खोमचा वालो की चांदी रही। श्री साईं स्वयंसेवी संस्था की ओर से मेले में नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गए थे।

सीएचसी की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गया था। किला प्रबंधन ने पेयजल का इंतजाम किया था। शांति समिति के सदस्यों की ओर से मेलार्थियों के आराम के लिए भी शिविर लगाया गया था। मेले में मौत का कुआं व झूले का लोगो ने खूब आंनद उठाया। पाबंद के बावजूद मेले में मांस , मछ्ली व शराब की जमकर बिक्री हुई।

**सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम :** पूजा व मेले में सुरक्षा की कड़े इंतजाम किये गये थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व रातू थानेदार सपन कुमार महथा ने संभाली। मेले में जगह जगह सीसी टीवी कैमरे लगाये गये थे। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से मेलार्थियों की निगरानी की जा रही थी।

पूजा व मेला की सफलता में अजय नाथ शाहदेव, कर्नल संजय नाथ शाहदेव, कुसलेंद्र सिंह, आदित्यनाथ शाहदेव, पृथ्वीनाथ शाहदेव, नितेश लाल नाथ शाहदेव,कुमार अतुल राज, लाल प्रवीण नाथ शाहदेव,अभिषेख सिंह, दामोदर मिश्र के अलावा दर्जनों लोगो सराहनीय योगदान रहा

## रातू में सड़क हादसा में मां घायल, बच्ची की मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुरगू पुल के पास सड़क हादसे में एक ढाई साल की बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। बच्ची चान्हो थाना क्षेत्र के ककरगढ़ निवासी जयंत सिंह की पुत्री थी। जानकारी के मुताबिक जयंत सिंह अपनी पत्नी व बच्ची के साथ मंगलवार की दोपहर अपनी बाइक जेएच01बीवाई- 4843 में सवार होकर मेला देखने रातू जा रहे थे। दिन के 3 बजे जैसे ही वह मुरगू पुल के पास पहुंचे जर्जर सड़क के कारण बाइक रास्ते मे गिर गयी। इसके उपरांत विपरीत दिशा से आ रहे एक टेलर एनएल01एसी-6595 ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाइक में सवार जयंत की ढाई साल की पुत्री रितिका कुमारी की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वही पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।वही मृतिका की मां को अस्पतला पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस टेलर को जब्त कर थाना ले आयी है। मुरगू स्थित एनएच 75 की हालत बहुत ही खराब है। सड़क बनाने के लिए सड़क को खोद दिया गया है ।परंतु सड़क बनाने का काम बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। एक सप्ताह पहले ही जर्जर रोड के कारण चितरकोटा के रहने वाले दो लोगो की मौत सड़क हादसे में हो गयी थी। आज फिर उसी रास्ते मे जर्जर सड़क के कारण तीसरी मौत हो गयी है। सड़क जल्द बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण सड़क में उतरे थे परन्तु सुनने वाला यहाँ कोई नही है। सड़क नही बनने पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## पिपरवार में वज्रपात से बच्चे की हुई मौत

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती गांव बूंडू पंचायत के मंडाटांड़ में मंगलवार की दोपहर तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात में एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान बुंडू पंचायत के मंडाटांड़ निवासी जितेन्द्र तुरी का 10 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप मे की गई है।घटना के संबंध मे बताया गया कि सूरज अपने पिता के साथ लकड़ी चुनने जंगल गया था,इसी बीच सूरज आम चुनने आगे चला गया,इस बीच अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हुई,जिसमे सूरज घायल हो गया।घटना के बाद परिजनो द्वारा उसे पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया, जहां ईलाज के दौरान सूरज की मौत हो गई।इस घटना के बाद उसके परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।इस घटना पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता सहित कई लोगो ने दुःख प्रकट किया है।

## बेड़ो में आंधी से दस ग्रामीणों के घर के छप्पर उड़े



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तीन पंचायतों में क्रमशः नेहालु, हरिहरपुर जामटोली व घाघरा में मंगलवार को अपराह्न लगभग तीन बजे आये आंधी तुफान व वज्रपात से दस ग्रामीणों के घर के एस्बेस्टस उड़ गए। वहीं दो बैलों की मौत हो गयी। नेहालू पंचायत के लठेया टोली में बुदु उरांव का एक बैल व जतरु उरांव का एक बैल वज्रपात की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। वहीं आंधी-तूफान से बुधवा मांझी के घर पास का पेड़ का डाल टुट कर गिरने से नीचे रखे साइकिल व मोपेड क्षतिग्रस्त हो गया। नेहालु के पोकल टिकरा के बिरसी उराईन व बुधनी उराईन, जेजे टोली के कार्तिक उरांव, चुमनू उरांव व जेजे उरांव, रोगो गांव के सोमा भगत व जोगिया मुंडा, हरिहरपुर जामटोली गांव के हुंटार गांव निवासी कुसमी देवी पति बिरसा उरांव,घाघरा के कैरो गांव में सुनिता कुजूर पति पुनित लकड़ा व घाघरा गांव में बबलु लोहरा पिता जगत लोहरा का अचानक आये आंधी तुफान से एस्बेस्टस उड़ गया। भुक्तभोगियों ने बताया कि वे तुफान आने के दौरान पुरे परिवार के साथ घर पर ही थे।किसी तरह अपना और अपने परिवार का जान बचाया।वहीं छप्पर के उड़ जाने से घर में रखे घरेलु सामान बारिश की पानी में भिंग कर बर्बाद हो गया।इधर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत, लक्ष्मी कोया व रमेश उरांव ने पीड़ित परिवारों से मिले और आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

## लापुंग में लेटे गांव में भगवान जगन्नाथ की निकाली गयी रथ यात्रा

**विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पूजा-अर्चना कर रथ को खींचकर मौसीबाड़ी पहुंचाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** आसाड़ द्वितीय में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शाम पांच बजे लेटे गांव के जमींदार वंशज दुर्जय लाल व परिजनों के द्वारा निकाली गयी। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भगवान जगन्नाथ के अलावे बलभद्र व सुभद्रा के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया व रथ को खींच कर मौसीबाड़ी पहुंचाया। पूजा-अर्चना पुजारी सीताराम दास के द्वारा विधि पूर्वक किया गया। साथ ही भगवान जगन्नाथ स्वामी तीनों रथ पर सवार होकर मौसी के घर श्रद्धालुओं के द्वारा रथ को खींच कर पहुंचाया। मेले मे वहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सभी मंदिर पहुंचकर भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की पूजा अर्चना की। साथ ही क्षेत्र की खुशहाली व अच्छी वर्षा के लिए भगवान से प्रार्थना की। मौके पर जमींदार के वंशज के अलावे उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, मुखिया सरोज मुंडा, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, देवेंदर वर्मा, संतोष तिर्की, कार्यकर्ता रामा मुंडा, अमोद जी, फिरू साहू एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## तसर रेशम कीट पारि-प्रजातियों के संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**बीएयू के कुलपति ने तसर रेशम कीट पारि-प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने पर दिया जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में तसर रेशम कीट पारि-प्रजातियों के संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने तसर रेशम कीट पारि-प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा मानवीय हस्तक्षेप के कारण पारि-प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है हमें इसके संरक्षण के लिये वैज्ञानिक तरीके से गहन मंथन करने की जरूरत है।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते निदेशक डॉ के. सत्यनारायण ने उष्णकटिबंधीय तसर रेशम कीट पारि-प्रजातियों के वितरण एवं संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की।

मौके पर डॉ केएम विजया कुमारी (निदेशक केंद्रीय मुगा ऐरी अनुसंधान), डॉ आईजी प्रभु, डॉ एच एस गडाड, डॉ शांतकर गिरी सहित लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ केबी जेना एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जगद ज्योति बिकन्दकट्टी द्वारा किया गया।

## बैठक : जनजाति सुरक्षा मंच ने धर्मांतरण और डीलिस्टिंग के विषय पर की चर्चा

# धर्म परिवर्तन किये लोगों को एसटी का लाभ लेने का कोई हक नहीं : संदीप उरांव

**डीलिस्टिंग आंदोलन से ही सही मायने में हम अपना हक अधिकार सुरक्षित रख पाएंगे : सन्नी टोप्पो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में मंगलवार को नगड़ी प्रखंड के दलादली में धर्मांतरण और डीलिस्टिंग के विषय पर बैठक आयोजित हुई। मौके पर मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि धर्म परिवर्तन किए लोगों को एसटी का लाभ लेने का कोई हक नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 342 में संशोधन (डीलिस्टिंग) करा कर धर्म परिवर्तन किए लोगों को एसटी का लाभ लेने से रोकना है। बस हमलोग को डीलिस्टिंग के लिए आंदोलन करना है। राज्य में ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण चरम पर है। धर्मांतरण पर भी लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सन्नी उरांव ने कहा कि डीलिस्टिंग आंदोलन से ही सही मायने में हम अपना हक अधिकार सुरक्षित रख पाएंगे। गांव गांव में डीलिस्टिंग की मुहिम तेज की जा रही है। पंचायत से प्रदेश स्तर तक मंच के कार्यकर्ता समाज के बीच जानकारी दे रहे हैं।

इस मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के नगड़ी प्रखंड संयोजक विकास उरांव, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख हिन्दुवा उरांव, सह संयोजक साजन मुंडा, महेश मुंडा, सीमा मुंडा, दीपक मुंडा, सुनिल मुंडा, आशा कुमारी, सुषमा मुंडा, राधा कुमारी, संजय मुंडा, पिंको देवी, पूटूर देवी, मुन्ना मुंडा, सावन मुंडा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आजसू पार्टी ने अनगड़ा और नामकुम प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 22 जून को आयोजित खिजरी विस स्तरीय आजसू पार्टी के स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए मंगलवार को अनगड़ा, नामकुम, ओरमांझी प्रखण्ड सहित अन्य इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस क्रम में आजसू के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव एवं वरीय जिला उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी के नेतृत्व में उक्त प्रखंडों के विभिन्न गांव, टोला में बैठकें की गयीं, जिसमें भारी संख्या में लोगों को समारोह में भाग लेने की अपील की गई। इस अभियान में दर्जनों आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

### 23 जून को आयोजित भाजपा के लाभार्थी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा द्वारा प्रखंड के कुच्चू पंचायत भवन में आगामी 23 जून को खिजरी विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मंगलवार को गोंदलीपोखर स्थित होटल राजधानी में भाजपा की एक तैयारी बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न मंडलों के बूथ स्तरीय शक्ति केंद्र के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई तथा प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, कार्यक्रम प्रभारी जैलेंद्र कुमार, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अमित मिश्रा, कामेश्वर महतो, राजेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### अनगड़ा में वज्रपात की चपेट में आकर मवेशी की हुई मौत, महिला झुलसी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जरगा महुआ ढ़ीपा गांव में गत सोमवार की शाम आंधी पानी के बीच हुए वज्रपात में एक मवेशी की मौत हो गई वहीं इसकी चपेट में आकर मवेशी मालिक साधो उरांव की पत्नी मनमिता देवी बुरी तरह झुलस गई। उसे इलाज के लिए स्वर्ण रेखा हॉस्पिटल टाटीसिलवे में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि महिला अपने घर के समीप जंगल में मवेशियों की चरवाही करने के उपरांत शाम को मवेशियों के साथ घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान अचानक वज्रपात हुई और मवेशी सहित महिला उसकी चपेट में आ गई। मौके पर ही एक मवेशी की मौत हो गई जबकि महिला बुरी तरह झुलस गई। घटना के संबंध में विधायक राजेश कच्छप सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित कर पीड़ित परिवार को आपदा राहत योजना से मुआवजा दिलाने तथा महिला के इलाज का पूरा खर्च उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इधर क्षेत्र के समाजसेवी बानेश्वर महतो ने बताया कि गत सोमवार को तेज आंधी तूफान के बीच हुई बारिश ने पैका पंचायत क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तेज आंधी पानी में कई लोगों के कच्चे मकान की छत उड़ गयी। वहीं दर्जनों पेड़ धराशाई हो गए। उन्होंने सरकार से आपदा योजना के तहत प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने की मांग की।

### विश्व योग दिवस पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचायतों में योग शिविर का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचायतों में योग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस योग शिविर में बच्चे, नौजवान व युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल होंगे और योग कर शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करेंगे। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर मैदान में सुबह छह बजे से योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम होगा। पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान न्यास समिति के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को पतंजलि परिवार ने विश्व योग दिवस पर समस्त प्रखंड वासियों से कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार रॉय,सुरेश प्रसाद साहू,अशोक पंडा,धनंजय देव तिवारी,कमलेश महतो,महादेव उरांव, अनिता देवी, करिश्मा गुप्ता, सुधा बड़ाईक, आरती कुमारी, मनोहर कुमार, दिनेश उरांव, अजित व सूर्यप्रकाश लगे हुए हैं।

### पिठोरियो में ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के छोटकी कुम्हरिया में ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक गम्भीर रूप से घायल। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात 08.45 बजे ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गयी जिसमें दबकर सुरेश पाहन की घटनास्थल पर मौत हो गयी। पिठोरिया थाना प्रभारी के अनुसार मृतक बरौदी निवासी शिव शंकर पाहन का पुत्र था। शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया वहीं घायल व्यक्ति को परिजनों ने आनन फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### तमाड़ में दो दिनों से पानी की सप्लाई नहीं होने से उपभोक्ताओं को हो रही है परेशानी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ में पीएचइडी द्वारा पीने का सप्लाई पानी दो दिनों से बंद है। जिससे इस गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। तमाड़ में कांची नदी से पानी सप्लाई होती है और सलगाडीह में फिल्टर होकर उपभोक्ता को पानी सप्लाई होती है, जो विगत दो दिनों से बंद है। इसके अलावे जो पानी दिया जाता है वह बहुत ही गंदा है। उपभोक्ताओं से मासिक शुल्क भी लिया जाता है, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है। इसके अलावे लोग बिना कोई सूचना के प्राइवेट मिस्त्री से कनेक्शन ले ले रहे हैं, जिसका कोई रिकार्ड विभाग के पास नहीं है।

# महिलाएं भी व्यवसाय में देख रही हैं अपना भविष्य : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** महिलायें भी अपना भविष्य व्यवसाय में देख रही है। महिला किसी भी मामले में पुरूष से पीछे नहीं है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र हो डॉक्टर, इंजीनियर यहां तक की विभिन्न क्षेत्रों में महिलायें अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। इसी के तहत मंगलवार को शिवाय ब्लू होटल में बूटीक दुकान संध्या जायसवाल द्वारा खोले गये उद्घाटन समारोह के दौरान नगर निगम की प्रथम महापौर सह मुख्य अतिथि अरूणा शंकर ने कही। दुकान का उद्घाटन फीता काटकर व विधिवत पूजा अर्चना कर प्रथम महापौर द्वारा किया गया। समारोह की अध्यक्षता रेश्म वाई संध्या दुकान के प्रोपराइटर संध्या जायसवाल ने की। अरुणा शंकर ने कहा कि संध्या जासवाल की शिक्षा दीक्षा बनस्थली कॉलेज में हुआ है। कॉलेज काल से ही वे सिलाई, कढ़ाई में काफी रुचि रखती थी। जिसके कारण आज उन्होंने अपने व्यवसाय के लिए दुकान खोला है। जहां आज की महिलायें शादी ब्याह या अन्य कार्यक्रम के लिए साड़ी और अन्य कपडा के लिए बनारस लखनऊ जाना पढ़ता था। अब दुकान खुल जाने से उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मेदिनीनगर विकास की ओर अग्रसर है जिसका नतीजा है कि लगातार शोरूम, मॉल, बाजार सहित कई प्रकार के दुकानें खुल रही है। उन्होंने कहा कि इस दुकान में पैसे के अनुसार अपनी साड़ी,लहंगा वहीं कई तरह की युवा लड़कियों के लिए कढ़ाई, सिलाई के वस्त्र उपलब्ध हैं। इसके लिए प्रोपराइटर संध्या जायसवाल को बहुत-बहुत बधाई। मौके पर संध्या जयसवाल ने कहा कि दुकान खोलने का उद्देश्य एक ही छत के नीचे सभी तरह के महिला, युवा लड़कियों के पहनने के वस्त्र उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कई महिलायें और युवा लड़कियों के द्वारा बाजार में मनपसंद कपड़े नहीं मिलने के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ता था लेकिन अब उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इच्छा अनुसार अपना वस्त्र क्रय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 700 से लेकर 20000 तक की साड़ियां, बनारसी, लहंगा, कुर्ती डिजाइनर हाथ से कढ़ाई किये हुए विभिन्न प्रकार के साड़ियां कुर्ती उपलब्ध हैं।

मौके पर द्रोपति देवी, आशा साहनी, डॉली सिंह, प्रियंका सिंघानिया, अलका सिंघानिया, रीमा जयसवाल, रूपेश कुमार, रितेश कुमार, सुधीर अग्रवाल, महेंद्र पांडे, रणबीर, अकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

# विधायक ने ककोरिया और झरगड़ा में कब्रिस्तान की घेराबंदी का किया ऑनलाइन शिलान्यास

## सभी कब्रिस्तानों तक सड़क और अन्य व्यवस्था होगी : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद/हरिहरगंज।** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ककोरिया व झरगड़ा कब्रिस्तान की घेराबंदी का शिलान्यास ऑनलाइन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से अलग, विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में सभी के लिए सड़क, बिजली, अस्पताल, शिक्षा की समुचित व्यवस्था की। इस कार्यकाल में 28 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। अन्य 51 सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 22 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की स्वीकृति के साथ और कब्रिस्तानों और शमशान की घेराबंदी की स्वीकृति दिलाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कब्रिस्तानों में शेड, बैठने की व्यवस्था, रोशनी व पेय जल की व्यवस्था इसी वर्ष कर दी जायेगी। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि एनसीपी परिवार शुरू से सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। विधायक कमलेश कुमार सिंह सभी को एक समान सम्मान करते हैं। उन्होंने विकास की राजनीति को अपनाने की अपील की।

मौके पर एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाजी अब्बास अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, उपाध्यक्ष जिशान हसन, विनय पासवान, रहमान राइन, लोटनिया मुखिया लाल सिंह, झरगड़ा मुखिया अशोक चौधरी, उप मुखिया अजय यादव, कल्लू हुसैन, शब्बीर हुसैन, असद हुसैन, सुरेंद्र ठाकुर, रामराज यादव, हंसराज सिंह, अनुज पासवान, सुनील यादव, इबने हुसैन, सगीर हुसैन, सुबालाल यादव के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जल मीनार से आपूर्ति शुरू नहीं चापाकल को भी कर दिया बंद

**प्रचंड गर्मी में पानी के लिए मचे हाहाकार के बीच नगर परिषद का नया कारनामा**
**नप का दावा झूठा,पेयजल के लिए तरस रहे लोग,दो किमी दूर से ला रहे पानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला में तापमान चरम पर है। जिससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। इधर विश्रामपुर नगर परिषद का नया कारनामा लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसा रहा है। प्रचंड गर्मी में पानी के लिए मचे हाहाकार के बीच नगर परिषद का एक और नया कारनामा सामने आया है। नगर परिषद द्वारा पेयजलापूर्ति हेतु लगभग सभी वार्डों में एक एक जलमीनार लगवाया गया। लेकिन यह जलमीनार ही लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया। हुआ यूं कि जहां भी जलमीनार लगा वहां पहले से सरकारी चापानल था। जिससे लोग पानी ले जाकर पीते थे। उसी चापानल के पास जलमीनार का अधिष्ठापान कराया गया। चापानल में समरसेबल मशीन डाला गया। जिससे पेयजल की आपूर्ति करनी थी। लेकिन जलमीनार से पेयजलापूर्ति शुरू भी नहीं हुई और चापानल भी खराब हो गाया। जिसके चलते लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसाना पड़ रहा है। नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 19 के पचघारा खुर्द गांव में एक माह पहले जलमीनार लगवाया गया।

जलमीनार से एक बूंद भी पानी नहीं निकला और पहले से लगा चापानल भी खराब हो गया। पेयजल हेतु इसी चापानल पर टोले का 25 घर आश्रित था। अब इस टोला के लोग दो किमी दूर से पीने का पानी ला रहे है। जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुदीन अंसारी से किया तो उन्होंने नप कार्यालय को इसकी जानकारी देते हुए जलमीनार को चालू करने का आग्रह किया। लेकिन पंद्रह दिन बाद भी न तो जलमीनार को चालू किया गया और न ही चापानल को ही ठीक कराया गया।

सलीमुदीन अंसारी ने कहा कि नगर परिषद के कार्यप्रणाली से चांद ठिकेदार मालामाल हो रहे हैं और निरीह जनता एक एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। उन्होंने नगर परिषद के इस दावे को भी झूठा करार दिया की सभी वार्ड में टैंकर से पानी दिया जा रहा है। श्री अंसारी ने नप के सहायक नगर आयुक्त मो परवेज से टैंकर द्वारा पेयजलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। पचघरा खुर्द गांव इस मामले में सिर्फ एक बानगी है। कामोबेस सभी वार्डों का यही हाल है। इस बाबत पूछे जाने पर नप के नगर प्रबंधक भी कोई जवाब नही दे पा रहे हैं। सिर्फ चापाकल बनवाने और जलमीनार को जल्द शुरू होने की बात कर रहे हैं।

# विश्रामपुर एसबीआइ परिसर से बाइक चोरी जांच में जुटी पुलिस

**बिश्रामपुर (पलामू)(आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर भारतीय स्टेट बैंक परिसर कि पार्किंग एरिया से मंगलवार को एक पैशन प्रो मोटरसाइकल (JH14 B 6052) कि चोरी हो गयी। जानकारी के अनुसार पांडू थाना क्षेत्र के रतनाग गांव निवासी दिनेश पासवान बैंकिंग कार्य से एसबीआई के बिश्रामपुर शाखा में आये हुये थे। उन्होंने अपना मोटरसाइकल बैंक के पार्किंग एरिया में खड़ा कर अंदर चले गये। जब काम पूरा होने के बाद वे बैंक से बाहर निकले तब उनकी मोटरसाइकल गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब मोटरसाइकल नही मिला तो दिनेश पासवान ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। जल्द ही इस मामले के उद्भेदन होने की उम्मीद है।**

# रथ पर सवार होकर भगवान शिव और माता पार्वती ने किया नगर भ्रमण

## नव निर्मित मंदिर में आज देव प्रतिमाओं को किया जायेगा स्थापित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में रथ पर सवार होकर भगवान शिव और माता पार्वती ने नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण में देव प्रतिमाओं के साथ सैकड़ों श्रद्धालु भी शामिल थे। बुधवार को देव प्रतिमाओं को नव निर्मित मंदिर में स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान होगा। इसके बाद महाभंडारे के साथ अनुष्ठान का समापन होगा। मंगलवार को मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण हेतु गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु निकले। इस दौरान जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। जिसके चलते पूरा नप क्षेत्र भक्तिमय रहा। नगर भ्रमण में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, समाजीक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, शिववंश मिश्रा, शिवबंश मिश्रा सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुये।

# सेवानिवृत्त पशुपालन कर्मी की पत्नी का निधन



**विधायक पुत्र सह भाजपा नेता ने जताया शोक, हर संभव मदद का दिलाया भरोसा**

**बिश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर नप मुख्यालय के सेवानिवृत पशुपालन कर्मी के 77 वर्षीय पत्नी बिमला देवी का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। बिमला देवी के निधन की खबर मिलते ही बिश्रामपुर विधायक के पुत्र सह भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी मृतिका के घर गये। श्री चंद्रवंशी ने मृतिका को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, इदरीश हवारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय कुमार रवि, दामोदर यादव, संतोष राम, अजय केशरी, विकाश चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।**

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी, आज होगा योग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी पार्क स्टेशन रोड में आज प्रातः 5:30 से 6:30 बजे तक योगा होगा। जिसके लिए कार्यक्रम के प्रभारी आनंद शंकर और विजय ओझा को बनाया है।

महा जनसंपर्क अभियान के बढ़ते चरणबद्ध कार्यक्रम में 20 से 30 जून तक होगा घर-घर संपर्क।

परिसदन भवन में प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा के साथ महा जनसंपर्क अभियान टोली, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, सांसद विष्णु दयाल राम एवं जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में घर-घर संपर्क अभियान को सफल बनाने को लेकर बिंदुवार चर्चा हुई। प्रत्येक शक्ति केंद्र से घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमे मंडल की टोली और बूथ समितियों के कार्यकर्ता भाग लेंगे। मंडल प्रभारी प्रत्येक दिन बूथ स्तरीय मॉनिटरिंग करते रहेंगे। घर-घर संपर्क के दौरान मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों और पलामू सांसद द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किये गये कार्यों का विवरण हैंड बिल के माध्यम से लोगों में वितरित करेंगे। घर-घर संपर्क टोली द्वारा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार पुस्तिका और स्टीकर के माध्यम से किया जायेगा। प्रदेश से प्राप्त प्रचार प्रसार सामग्री किड्स जिला पदाधिकारियों के माध्यम से मंडल अध्यक्षों की निगरानी में शक्ति केंद्रों तक पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।


बैठक में विभाकर नारायण पांडे, प्रफूल सिंह, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, सुनील पासवान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बाबू, अरविंद सिंह, सोमेश सिंह, रीना किशोर, मनोज दुबे, ज्योति पांडे, मंजू गुप्ता, रेनू देवी, सीटू गुप्ता, राकेश दुबे, जितेंद्र तिवारी, कृष्णा गुप्ता, ईश्वरी पांडे, अलख दुबे और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सेहत के हैं दो मीत, एक योग और दूसरा संगीत : सूरज मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संगीत और योग परमात्मा की प्राप्ति का प्रमुख साधन है। इस दोनों महत्वपूर्ण कलाओं से हम अपने ह्दय में परमात्मा के अंश को देख सकते हैं जो खुली आँखों से असंभव सा है। योग में ध्यान एक क्रिया होती है लेकिन संगीत बिना किसी योगिक एक्सरसाइज के योग के सबसे करीब है। संगीत में स्वरों की शुद्धता पर जोर दिया जाता है पर योग शास्त्र में आसन व मुद्राओं पर जोर दिया जाता है। संगीत और योग एक दूसरे के पूरक होते हैं। आज कल लोगों के जीवन को बेहतर करने के लिए फिर से संगीत और योग का अभ्यास करने की आवश्यकता है। दैनिक जीवन में संगीत का अभ्यास शरीर को आन्तरिक और बाहरी ताकत प्रदान करता है। यह शरीर के प्रतिरोधी प्रणाली को मजबूती प्रदान करने में मदद करता है, इस प्रकार यह विभिन्न और अलग-अलग बीमारियों से बचाव करता है। यदि संगीत और योग को नियमित रूप से किया जाये तो यह दवाईयों का दूसरा विकल्प हो सकता है। यह प्रतिदिन खाई जाने वाली भारी दवाईयों के दुष्प्रभावों को भी कम करता है। क्योंकि यह शरीर और मन पर नियंत्रण करने के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करता है। संगीत और योग साधना से ही जीवन में होता है शक्ति का विकास, दोनों का उद्देश्य है आत्मसाक्षात्कार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस पर विशेष बातें पलामू प्रमंडल के विख्यात शास्त्रीय संगीतज्ञ स्व पंडित राजा राम मिश्र के पुत्र और देवरानी संगीत महाविद्यालय के संरक्षक शहर के जाने माने संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा जब भी हम बेहद खुश होते हैं तो दिल से निकलता है संगीत। जब कभी हम उदास होते हैं तो खुश कर देता है संगीत। संगीत के सात स्वर कई बीमारियों को छूमंतर कर देते है यह सिद्ध हो चुका है। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत में कई ऐसे रागों की खोज की गई है जिससे शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों का इलाज संभव है। म्यूजिक थेरेपी से असाध्य रोगों को भी दूर किया जा सकता है।












## रथयात्रा: भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसीबाड़ी

# रथ यात्रा के उल्लास में डूबा कोयलांचल

धनबाद में इस्कॉन द्वारा निकाली गयी इलेक्ट्रॉनिक और हाइड्रोलिक रथ रही आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद जिले विभिन्न हिस्सों में धुमधाम से व हर्षोल्लास के साथ रथ यात्रा निकाली गयी। गाजे बाजे के साथ भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी बाड़ी पहुंचे। धनबाद शहर में 5 स्थानों से रथ यात्रा निकाली गयी। इस्कॉन द्वारा निकाली गयी 14 फिट ऊंची गुंबद वाली रथ शहर में आकर्षण का केंद्र रही। यह रथ यात्रा सरायढेला स्टील गेट से शुरू होकर गोल्फ ग्राउंड पहुंची। इलेक्ट्रॉनिक और हाइड्रोलिक सिस्टम वाले इस रथ को आईआईटी और बीआईटी के छात्रों ने बनाया है। इस रथ की खासियत यह है कि इसके गुंबद को जरूरत के हिसाब से ऊपर और नीचे सिर्फ एक बटन दबा कर किया जा सकता है। वहीं यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, हरिकीर्तन होते रहे। जबकि यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए कई जगह शर्बत, पानी के इंतेजाम किये गये थे। वहीं स्टील गेट से लेकर गोल्फ ग्राउंड तक कई स्थानों में भगवान का ठहराव भी हुआ जहां उन्हें छप्पन भोग भी लगाए गये। वहीं धनसार स्थित जगन्नाथ मंदिर से निकली यात्रा धनसार मोड़, बैंक मोड़, पुराना बाजार, जोड़ाफाटक होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंच गया। रेलवे इंस्टिट्यूट माझेरपाड़ा से निकाली गयी रथ यात्रा ने पुराना बाजार, मनईटांड़ इलाके का भ्रमण किया। यहां बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा विशेष तैयारी की गयी थी।



### झरिया में धूमधाम से निकली रथ यात्रा

**धनसार।** झरिया की रथ यात्रा 91 वर्ष पुरानी है। यहां 1932 से रथ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को भी मेन रोड पंचदेव मंदिर से भव्य रूप से रथ यात्रा निकाला गया। इससे पहले मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद शाम में रथ यात्रा शुरू हुई जो धर्मशाला रोड, लाल बाजार, लक्ष्मनिया मोड़, बाटा मोड़ होते हुए चार नंबर टैक्सी स्टैंड पहुंची। रथ पर सवार भगवान तीन दिनों तक यहीं रुकेंगे और फिर वापस पंचदेव मंदिर चले जायेंगे।



### राजा नीलकंठ सिंह के जमाने से हो रही है रथ पूजा

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड में राजा नीलकंठ सिंह के जमाने से डुमरा में रथ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। रथटांड़ में पूजा के लिए राजा परिवार ने जमीन दान में दिया था जिसके बाद से इस परंपरा का निर्वाह हर वर्ष होता चला आ रहा है। मंगलवार को भी यहां विशेष रूप से पूजा का आयोजन किया गया। जिसके बाद आसपास के सभी श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। रथटांड़ में इस अवसर पर छोटे मोटे मेले का भी आयोजन किया गया है। इस दौरान बाघमारा पुलिस जनसहयोग समिति के सदस्य और बाघमारा पुलिस के जवान मुस्तैद हैं।

### निरसा विधानसभा में भी रथ यात्रा की धूम

**चिरकुंडा।** निरसा विधानसभा के कई क्षेत्रों में भी रथ यात्रा का आयोजन पिछले कई वर्षों से होता आ रहा है। क्षेत्र के निरसा, चिरकुंडा, मैथन और कुमारधुबी में इस वर्ष भी रथ यात्रा का आयोजन किया गया। मैथन के औघड़डंगाल में 1973 से रथ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यहां लगने वाले में झारखंड और पश्चिम बंगाल की संस्कृति की झलक दिखती है। वहीं कुमारधुबी चार नम्बर उड़िया धौड़ा से रथ यात्रा निकाला गया। जो बगानधौड़ा, काली धौड़ा, कुमारधुबी होते हुए वापस उड़िया धौड़ा पहुंचा। यहां 1953 से रथ पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ता बूथ पर जनसंपर्क अभियान चला



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा चास नगर उत्तरी ने नगर अध्यक्ष पन्नालाल कान्दु के नेतृत्व मे घर-घर महाजनसंपर्क अभियान बोकारो विधानसभा के बूथ 412 व 413 से जनसंपर्क की शुरूआत की। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। भाजपा जिला महामंत्री सह अभियान के जिला सह संयोजक संजय त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा प्रदेश में 30 मई से 30 जून तक माहजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत 20 से 30 जून तक बोकारो जिला के कुल 1754 बूथों पर 10 दिन घर-घर संपर्क अभियान आज शुरू हुआ बुथ अध्यक्ष अपनी टोली के साथ घर घर सम्पर्क करंगे व उनके विचारों को साझा करेंगे। इस मौके कार्यक्रम में उपस्थित नगर महामंत्री रंजीत बरनवाल जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा राजेश बरनवाल भाजपा नगर उपाध्यक्ष राजेश घोषाल, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष अरविंद राय बुद्धेश्वर घोषाल दिनेश महतो रोहित बरनवाल कृष्णा प्रसाद पिंटू कुमार पाल, सेंटी कान्दु अजय शर्मा अजीत बरनवाल दिलीप बरनवाल उपेन्द्र कुमार मिथुन दे विपिन बरनवाल बूथ अध्यक्ष व सचिव उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के द्वारा योग दिवस की पूर्व संध्या पर प्री पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत पतंजलि योग समिति के सहयोग से आदर्श माध्यमिक विद्या निकेतन मंदिर उच्च विद्यालय और पतंजलि योग केंद्र में पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं से पूर्व उच्च विद्यालय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्या सरोज कुमारी ने कहा कि योग विश्व को भारत की एक महान देन है, जिससे हम एक स्वस्थ्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रोत्साहित किया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने प्रतिभागियों को इस वर्ष आयोजित नौवें योग दिवस के विशेष थीम 'योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम' एवं 'हर आंगन योग' के संबंध में जानकारी दी। स्थानीय पतंजलि योग समिति के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने सीबीसी धनबाद के साथ समन्वय में आयोजित होने वाले कल के मुख्य कार्यक्रम पर खुशी जाहिर करते हुए योग के बढ़ते प्रभाव और समाज में उभरी जागरूकता पर खुशी जाहिर की। प्रतियोगिताओं के समन्वय में सीबीसी धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार सहायक राजकिशोर पासवान, भूली क्षेत्र के पूर्व स्थानीय पार्षद रंजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा। वहीं स्कूल के शिक्षकों नंद किशोर, श्वेता कुमारी, सुमित कुमार और धीरेंद्र कुमार यादव ने प्रतियोगिताओ के मूल्यांकन व आयोजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।



### आज प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

आदर्श माध्यमिक विद्या निकेतन मन्दिर उच्च विद्यालय और पतंजलि योग केंद्र भूली में आयोजित पेंटिंग, निबंध, योगाभ्यास आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 21 जून को प्रातः सीबीसी, धनबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित परिचर्चा सह योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे। इस अवसर पर विभाग से पंजिकृत सांस्कृतिक दल जामताड़ा कला मंच द्वारा योग पर कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जायेगी। वहीं योग पर आधारित एक रैली भी निकाली जायेगी।

## भाजपाइयों ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान



**बलियापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को भाजपा के बलियापुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। बलियापुर नीचे टोला में घर घर जाकर लोगों को सरकार की उपलब्धियों को बताया। इससे संबंधित पर्चियां बांटी तथा उनकी समस्याओं को सुना। बलियापुर पूर्वी मंडल के कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम ग्रोवर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों से जनता को अवगत कराना है, जो 30 जून तक चलेगी। अभियान दल में विश्वजीत मुखर्जी, गोरांग मंडल, मंजू दत्ता, राकेश चौबे, विजय गोराई, खोकन पांडे, रंजीत मंडल, पार्थो राय, वकील बीदिया, राजीव मोदी, लखन प्रमाणिक, जय बनर्जी आदि थे।

## पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बीसीसीएल ब्लॉक टू का कार्य किया बाधित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को नियमित जलापूर्ति की मांग को लेकर पिलगाड़िया बस्ती सहित आसपास के गमीणो ने बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र का कार्य बाधित कर चौदह नंबर हाजिरी के समीप जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणो ने बताया की पिलगाड़िया बस्ती एंव आसपास के क्षेत्रों में बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा कराए गए बोरिंग से पानी का सप्लाई किया जाता था, लेकिन कुछ दिनो से बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग परियोजना में हो रही हैवी ब्लास्टिंग के कारण बोरिंग धंस गया है जिससे पूरे क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत हो गयी है साथ हैवी ब्लास्टिंग की वजह से आसपास के चापाकल का वाटर लेवल काफी निचे चला गया है। नई बोरिंग कराने पर भी पानी नहीं मिल रहा है। इस भीषण गर्मी में पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों को दर दर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन चुपचाप बैठा है। अंत में बस्ती व आसपास ग्रामीण तंग आकर आंदोलन कर रहे हैं। इधर कार्य बाधित की खबर पाकर स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो हाजिरी घर पहुंचे और प्रबंधन से वार्ता कर ग्रामीणो को आश्वस्त किया कि जबतक नियमित जलापूर्ति नहीं हो जाती है तबतक प्रबंधन टैंकर से प्रतिदिन पानी का सप्लाई करेगा। जिसके बाद ग्रामीण आंदोलन समाप्त कर वापस लौट गए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सुरेश चौहान, गोपाल चौहान, बलराम चौहान, श्याम सुंदर भुईया सहित कई ग्रामीण शामिल थे। वहीं वार्ता में प्रबंधन के ओर से परियोजना पदाधिकारी के के सिंह, प्रबंधक के के दत्ता, उप प्रबंधक (कार्मिक) पीके झा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## अवैध खनन को लेकर दो गुटों में टकराव की स्थिति

# जल्द ही तस्कर होंगे सलाखों के पीछे : थाना प्रभारी

एक गुट ने खोला मुहाना तो दूसरे गुट के लोग निकाल रहे है अवैध रूप से कोयला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद के एकड़ा में अवैध माइंस संचालन पर तस्कर के दो गुट आमने सामने हो गए है। दोनों के बीच टकराव की स्तिथि बन गयी है। कहा जा रहा है कि एक गुट खदान खोला, अब उसी खदान में दूसरा गुट जबरन कोयला निकाल रहा है। किसी ने मामले को लेकर पुलिस को सूचित भी किया है। कोयला तस्कर इस अवैध माइंस के बाहर विधिवत मां काली की तस्वीर भी लगा रखा है। तस्कर के सरदार सब से पहले विधिवत पूजा अर्चना करते है फिर माइंस में उतरने वाले मजदूर मां काली के सामने झुकर प्रणाम करते हैं, और फिर कोयला खनन शुरू हो जाता है। तस्कर चाहता है कि इस अवैध माइंस में कोई हादसा नहीं हो, उसे आस्था है कि मां काली की कृपा हम पर बना रहेगा। महज एक किलोमीटर दूर लोयाबाद थाना से एकड़ा बासदेपुर के उत्तरी छोर पर पुरानी भूधंसान जगह पर यह अवैध माइंस संचलान शुरू किया गया है। कहा जा रहा है कि पहले इस खदान को तस्कर के एक गुट द्वारा खोला गया था, वहां बीसीसीएल के एक माइनिंग मैन से जांच कराकर जमीन के भीतर कोयला होने का पता लगाया, जगह की साफ सफाई कराकर खनन करने लगा। वहां से करीब 10 से 15 ट्रक कोयले को निकालकर लाखो कमाया भी, तब स्थानीय पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा काम को बंद करा दिया गया। अब उसी खदान में एकड़ा का ही दूसरा गुट कोयले के अवैध खनन में लग गया है। जब इस बात की भनक पहले गुट को लगी तो, वह विरोध करने लगा, दोनों के समझौता की बाते सामने आयी, पहले गुट ने डिमांड किया कि बड़ा बॉस को 6000 छोटे का 4000 और मेरा 2000 हजार देना होगा, लेकिन दूसरे गुट ने सिर्फ 2000 देने पर राजी हुआ, जिसे पहले वाले गुट ने मना कर दिया।

अब दोनों के बीच टकराव की स्तिथि बनी हुई है, कभी भी खूनी खेल शुरू हो जायेगा, समय रहते इसे बंद नही किया गया तो, गोली बम चलते देर नही लगेगा। और फिर किसी की जान भी जा सकती है।

### केंदुआ थाना क्षेत्र में जमा होता है कोयला



खनन का कोयला केंदुआ थाना क्षेत्र के बासदेवपुर 14 नंबर में जमा होता है। वहां से बोरी में भरकर ट्रक से बाहर भेजा जा रहा है। पुलिस ने जब बासदेवपुर कोलियरी अधिकारी से अवैध खनन स्थल को भराई करने को कहा तो उन्होंने यह कहकर इनकार कर दिया कि खनन स्थल बांसजोड़ा कोलियरी क्षेत्र में आता है। दो कोलियरी अधिकारी के चक्कर मे तस्कर को फायदा हो रहा है। पुलिस अब तस्कर को जेल भेजने के फिराक मे है। वर्जन: जानकारी मिली है। कोलियरी अधिकारी को मुहाना बंद करने को कहा गया, लेकिन वो नही हो पाया है, अब रंगे हाथ गिरफ्तारी की कोशिश हो रही है। जल्द ही तस्कर सलाखों के पीछे होगा।

## नीट यूजी में सफलता पाकर अक्षत ने बढ़ाया बेरमो का मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो(बेरमो)।** नीट यूजी 2023 के परीक्षा में पुराना बीडीओ ऑफिस के अक्षत प्रसाद गुप्ता ने बेहतर प्रदर्शन कर बेरमो का नाम रौशन किया है। साथ ही अपने माता पिता का नाम को गौरवान्वित किया है। अक्षत नीट यूजी 2023 में पूरे भारत में 7861वां तथा ओबीसी में 2893वाँ स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए उसने किसी तरह का कोचिंग नही किया था। उसके पिता शंकर प्रसाद गुप्ता व्यवसायी और माता बबीता देवी गृहणी है। इसकी इस सफलता पर अक्षत के दादी पर पार्वती देवी बहुत ज्यादा खुश है। अक्षत दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा है। इसकी यह सफलता पर बेरमो के समाजसेवियों और व्यवसायियों द्वारा उसे उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सह व्यवसायी कृष्ण कुमार ने कहा कि अक्षत नीट की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर हम सब का मान सम्मान बढ़ाया है। यह घर में रहकर ऑनलाइन पढ़ाई कर और बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना है। इसने यह साबित कर दिया कि अच्छे परिणाम के लिए कोई अच्छे और महंगे संस्थान में जाने की जरूरत नहीं है। पढ़ाई के लिए लगन होनी चाहिए जिसे अक्षत ने साबित कर दिया है।

## वेदांता का 'प्रोजेक्ट पंछी' अब झारखंड में लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड के इतिहास में महत्वपूर्ण है, जिसमें 50 से अधिक लड़कियां अपना भविष्य और मैन्युफैक्चरिंग सेट-अप में महिलाओं के भविष्य को बदलने के लिए तैयार हैं। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने प्रोजेक्ट पंछी लॉन्च करते हुए भारत की फैक्ट्रियों को महिला कार्यबल के लिए अधिक समावेशी बनाया, जहां समूह भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है। बोकारो और उसके आसपास के गांवों की ये 50+ लड़कियां, जिन्होंने अपनी 12वीं पूरी कर ली है, लेकिन परिवार की वित्तीय स्थिति सहित विभिन्न कारकों के कारण उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर सकीं, अब वेदांता ईएसएल द्वारा प्रदान किए जाने वाले 4 साल के अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम से गुजरेंगी। इन 4 वर्षों में, आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों से संबंधित ये छात्राएं एक मजबूत फाउंडेशन कोर्स से गुजरेंगी, जिसका उद्देश्य सुरक्षा, व्यवहारिक प्रशिक्षण पर मुख्य ध्यान देने के साथ- साथ उनको औद्योगिक प्रशिक्षण और संचार सहित विभिन्न अन्य क्षेत्रों में तैयार करवाना भी होगा। इसके अतिरिक्त, ये लड़कियां न केवल ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी बल्कि इसके साथ-साथ वजीफा भी अर्जित करेंगी। वेदांता उन्हें प्रतिष्ठित कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के माध्यम से स्नातक समकक्ष पाठ्यक्रम भी प्रदान करेगा।

## झरिया में भाजपा के लाभार्थी सम्मेलन में प्रधानमंत्री के कार्यो से लोगों को कराया गया अवगत

# हर घर जल योजना और डिग्री कॉलेज पूर्व विधायक संजीव और सांसद की देन: रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** मंगलवार को भागा स्थित अनिल टॉकीज विवाह भवन में भाजपा द्वारा झरिया विधानसभा लाभार्थी सम्मेलन भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल में किये गये कार्यों की चर्चा की एवं सभी कार्यकर्ताओं से घर- घर जाकर लाभार्थियों को प्रधानमंत्री के कार्यो को बताने का आग्रह किया। निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने भी प्रधानमंत्री के 9 वर्षो के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो का बखान किया। रागिनी सिंह ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया गया साथ ही राज्य की पूर्व भाजपा सरकार के दौरान झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह और सांसद पशुपतिनाथ सिंह द्वारा किया कार्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि हर घर नल योजना से लेकर झरिया में डिग्री कॉलेज की स्थापना भाजपा की देन है। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, मानस प्रसून, प्रियंका देवी, राजकिशोर जैना, दिलीप भारती, अखिलेश सिंह, दिलीप आडवाणी, समेत झरिया विधानसभा कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाल-विवाह रोकने को लेकर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**कसमार।** कसमार के हाई स्कूल चौक स्थित कम्प्यूटर रेवयुलेशन सेंटर में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी संस्था के बैनर तले मंगलवार को बाल विवाह रोकने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरसीपीपी रांची के रीजनल इंचार्ज अरशद अली, सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्रजापति व जमील अख्तर मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान अरशद अली ने कहा कि बाल विवाह अशिक्षा का मुख्य कारण है। जबतक लोगों में जागरूकता पैदा नहीं होगी तब तक इस कुप्रथा को खत्म नहीं किया जा सकता है। इसलिए बाल विवाह जैसे अपराध को खत्म करने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आकर इसे खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह पूरी तरह कानूनी अपराध है, अगर कोई भी अभिभावक अपनी बेटियों की शादी 18 वर्ष से नीचे व बेटों की शादी 21 वर्ष से पहले करते हैं, तो वैसे अभिभावकों के साथ-साथ शादी में शामिल होने वाले जनप्रतिनिधि, रिश्तेदार से लेकर पंडित-मौलबी से लेकर शादी में शामिल होनेवाले सभी लोग दोषी होंगे। सभी को दो साल की सजा और एक लाख तक का जुमार्ना लग सकता है। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक दुर्गा प्रसाद प्रजापति ने कहा कि बाल-विवाह जैसी सामाजिक बुराई का पूरी तरह अंत के लिए सभी को एक मंच पर आना होगा और बाल विवाह को रोकने के लिए सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और अभियान में जो लोग शामिल हैं।

# विश्व प्रसिद्ध पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा में पहुंचे 25 लाख श्रद्धालु

- शंकराचार्य ने पूजा की, राजा ने सोने के झाड़ू से रास्ता बुहारा

दिप्तांशु दास

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गयी है। सबसे आगे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज है। उनके पीछे देवी सुभद्रा का रथ दर्पदलन चल रहा है। आखिर में भगवान जगन्नाथ का रथ है, जिसे नंदीघोष या गरुड़ध्वज के नाम से जाना जाता है। रथ यात्रा में करीब 25 लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है। रथयात्रा के दिन सुबह मंगला आरती के बाद भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया गया। फिर रथों की पूजा कर बलभद्र, बहन सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को रथ में बैठाया गया। पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने प्रथम दर्शन किये। पुरी राजपरिवार के दिव्यसिंह देव ने रथ के सामने सोने के झाड़ू से बुहारा लगाया। इसके बाद रथ यात्रा शुरू हुई। रथयात्रा की परंपरा है कि पुरी राजपरिवार के सदस्य पहले रथ की पूजा करते हैं, फिर सोने के झाड़ू से बुहारा देते हैं। तब यात्रा शुरू होती है। दिव्य सिंह ने इस परंपरा को निभाया। बता दें कि भगवान बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ करीब ढाई से तीन किमी दूर गुंडिचा मंदिर तक जाती है।



## श्रीवाणी क्षेत्र में जगन्नाथ महाप्रभु की घोषयात्रा

भुवनेश्वर। हर साल की तरह इस साल भी किस श्रीवाणी क्षेत्र में श्री जगन्नाथ महाप्रभु की विश्व प्रसिद्ध घोषयात्रा संपन्न हुई। सुबह मंगल आरती, मैलम, तड़पलागी, रोश होम, अबकाशा, सूर्य पूजा और रथ स्थापना जैसे अनुष्ठानों के बाद 3:30 मिनट बजे छेरापहरा निती किट मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक अच्युत सामंत के द्वारा पूरी की गयी। शाम 4:30 बजे, भक्तों ने भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और महाप्रभु जगन्नाथ के रथ को नवनिर्मित गुंडिचा मंदिर तक खींचा। घंटियों, मृदंगों और ढोल की थाप के साथ ही जय जगन्नाथ के नाद से रथडांड गुंजायमान हो गया। श्रीवाणी क्षेत्र रथ यात्रा का एक मुख्य आकर्षण यह है कि यहां देवी सुभद्रा के रथ को महिलाएं खींचती हैं। घोषयात्रा देखने के लिए स्थानीय क्षेत्र से 40,000 से अधिक श्रद्धालु एकत्र हुए। सुसज्जित नंदीघोष, तालध्वज और देवदलन रथों को खींचकर भक्तों ने देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जेपी नड्डा के आगमन को लेकर समीक्षा बैठक



- हजारों भाजपा कार्यकर्ता गिरिडीह के झंडा मैदान पहुंचेंगे : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने की। इस दौरान गिरिडीह के झंडा मैदान में 22 जून को आयोजित भाजपा द्वारा आहूत कार्यक्रम एवं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन की तैयारी को समीक्षा की गयी।

श्री सिंह ने कहा कि 22 जून को भाजपा नेता जेपी नड्डा का आगमन गिरीडीह झंडा मैदान में होने जा रहा है। इसको लेकर धनवार विधानसभा क्षेत्र के गावा तीसरी, मालडा, पिहरा, धनवार आदि विभिन्न क्षेत्र के दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में कूच करेंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके लिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभी तरह के दिशा निर्देश दिया जा चुका है। वहीं मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में पूरे झारखंड में 14 लोकसभा की सीट भाजपा की झोली में जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जगहों में लगातार बैठक आयोजित की जा रही है। इस मौके पर पवन साव, अशोक राय, राजेंद्र यादव, उदय सिंह, संजय साव, श्रीकांत राय, विजय अग्रवाल, पवन सिंह, अजय राय, प्रमोद कुमार राम, अरुण पासवान, पिंटू पासवान, बसंत कुमार वर्मा, बिरेंद्र राम आदि मौजूद थे।

# अंगुल जिंदल देवभूमि में रथ यात्रा, नवीन और शालू जिंदल हुईं शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर अंगुल।** देवभूमि जिंदल नगर में रथ यात्रा मनाया गया। महाप्रभु बलभद्र, देवी सुभद्रा, और महाप्रभु जगन्नाथ को ले जाने वाले भव्य रथ, तालध्वज, दर्पदलन और नंदीघोष रथ को देवभूमि मंदिर से गुंडिचा मंदिर तक खींचा गया। जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल, जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के साथ प्रमुख सेवायतों के रूप में रथयात्रा उत्सव में शामिल हुए नवीन जिंदल ने पहंडी बीजे' में भाग लिया और रथ यात्रा शुरू होने से पहले रथों पर सवार चतुर्धा मूर्ति को अनुष्ठानिक रूप से छेरा पंहरा किये। इस अवसर पर नवीन जिंदल ने कहा कि मैं सर्वशक्तिमान से समाज की सेवा करने के लिए हम सभी को आशीर्वाद देने के लिए प्रार्थना करता हूं। शालू जिंदल ने भी सभी को बधाई दी है और कहा है कि महाप्रभु जगन्नाथ हम सभी को अच्छे स्वास्थ्य, अच्छी बुद्धि और समावेशी भारत के निर्माण के लिए सामाजिक रूप से कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए समर्पित करें।



# पुरी और भुवनेश्वर में रथयात्रा के लिए ट्रैफिक के विशेष इंतजाम

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के मद्देनजर कमिश्नरेट पुलिस ने पुरी और भुवनेश्वर रथ यात्रा के लिए व्यापक इंतजाम किये हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के जजों को कटक से पुरी तक स्पेशल पेट्रोलिंग के जरिए ले जाने की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में महाप्रभु का रथ भुवनेश्वर में 57 स्थानों से गुजरेगा। इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पुरी रथ यात्रा देखने जा रहे वीआइपी और वीवीआइपी को स्पेशल पेट्रोलिंग के जरिए पुरी को लेने और वापस लाने की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए बरमुडा, हाईटेक, शिरडी साईं मंदिर, लिंगीपुर और राज्य संग्रहालय में 5 विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये हैं। इसी तरह राजधानी के रथ के दौरान पुलिस वैन के साथ बाइक पेट्रोलिंग कड़ी कर दी गयी है। भुवनेश्वर डीसीपी की देखरेख में 7 एडिशनल डीसीपी, 11 एसीपी, 31 इंस्पेक्टर, 90 सब इंस्पेक्टर, एएसआइ, 15 ट्रैफिक ऑफिसर, 164 होमगार्ड और 20 प्लाटून पुलिस बल तैनात रहेंगे। पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी ने यह जानकारी दी।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुरी स्टेशन पर सुविधाओं का फीडबैक लिया

- तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं से बात की
- बोले : 640 नियमित और 208 विशेष ट्रेनों का हो रहा संचालन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार शाम पुरी का दौरा किया और तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। श्री वैष्णव ने पुरी स्टेशन पर विभिन्न स्थानों से आये श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की, जिन्होंने रेलवे द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले यात्री विश्राम कक्ष में आराम कर रहे और यात्रा के अनुभव और रेलवे द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए फीडबैक लिया।



श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है और देश के विभिन्न हिस्सों में विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय रेलवे भी भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का एक वार्ता है। रेलवे न केवल अपने क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है, बल्कि यात्री यात्रा अनुभव और यात्री सेवाओं में भी सुधार कर रहा है। श्री वैष्णव ने यह भी कहा कि इस वर्ष रेल यात्रा के दौरान रेलवे द्वारा 640 नियमित और 208 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इस साल महाराष्ट्र में नांदेड़, तेलंगाना में कांचीगुडा और सिकंदराबाद, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और पलासा के लिए विशेष ट्रेनें, छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के साथ-साथ पुरी को ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़ नियंत्रण, ट्रेन सूचना प्रणाली/पूछताछ केंद्र, वीडियो वॉल डिस्प्ले, ईकोएयर ट्रैवल ऐप और मोबाइल ऐप पर यूटीएस ऐप, अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटर और भ्रम्यमाण टिकट काउंटर, तीर्थयात्री प्रतीक्षालय/शेड के लिए विशेष उपाय सुरक्षा व्यवस्था किए गए हैं। इसके अलावा यात्रियों को बिजली आपूर्ति, जलापूर्ति, साफ-सफाई एवं सुरक्षा, पेयजल, यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त शौचालय, खानपान एवं आतिथ्य, चिकित्सा सुविधा एवं एंबुलेंस आदि की भी व्यवस्था की जा रही है।

# 2025 से ट्रक चालकों के लिए एसी केबिन अनिवार्य

## ड्राइवरों के हेल्थ पर पड़ने वाले निगेटिव असर कम करने का फैसला : गडकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 2025 से ट्रक ड्राइवरों के लिए एयर कंडीशन्ड केबिन कंपल्सरी हो जायेगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। सरकार ने यह फैसला देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में लागत कम करने, लंबी यात्रा के दौरान ड्राइवरों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले निगेटिव को असर कम करने और सड़क हादसों को रोकने के लिए लिया है।

महिंद्रा लॉजिस्टिक्स के एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि जब मैं मंत्री बना तो मुझे लगा कि 44 से 47 डिग्री टेंपरेचर में कैसे ड्राइवरों की हालत खराब होती होगी। मैंने एसी केबिन का प्रस्ताव दिया तो कुछ लोगों ने ये कह कर विरोध किया कि इससे कॉस्ट बढ़ेगी, लेकिन अब फाइनली मैंने आदेश की कॉपी पर साइन कर दिया है। गडकरी ने कहा कि ड्राइवर्स के वर्किंग कंडीशन में सुधार करने की जरूरत है और ज्यादा ड्राइविंग स्कूल स्थापित करके ड्राइवरों की कमी को दूर करने के लिए भी कदम उठाये जायेंगे। देश में ट्रक ड्राइवरों के लिए मंत्रालय का ये कदम काफी राहत देने वाला हो सकता है, जो सर्दी, गर्मी, बारिश, हर मौसम में हर दिन करीब 14-16 घंटे ड्राइविंग सीट पर बिताते हैं।



**लॉजिस्टिक लागत को कम करना जरूरी :** गडकरी ने कहा कि ड्राइवरों की कमी की वजह से भारत में मौजूद ड्राइवर्स 14-16 घंटे काम करते हैं, जबकि दूसरे देशों में ट्रक डाइवरों के काम करने का समय फिक्स है। उन्होंने ये भी कहा कि भारत की इकोनॉमी तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसे में लॉजिस्टिक सेक्टर काफी अहम है और भारत के एक्सपोर्ट को बढ़ाने के लिए लॉजिस्टिक की लागत को कम करना काफी जरूरी है।


**भारत में ट्रांसपोर्ट सेक्टर का काफी अहम योगदान :** देश में ट्रांसपोर्ट सेक्टर में ड्राइवर का सबसे बड़ा रोल है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत की इकोनॉमी तेजी से आगे बढ़ने वाली इकोनॉमी से एक है और ऐसे में ट्रांसपोर्ट सेक्टर में खासा ध्यान देना जरूरी है। ट्रक ड्राइवर्स के काम करने की स्थिति और मनोस्थिति को समझना जरूरी है और इसके लिए काम करना भी जरूरी है।


**हाइवे पर हर 50 किमी पर बनेगा एमिनिटी सेंटर :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में हजार-हजार किलोमीटर तक कोई टॉयलेट और वॉशरूम नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र देश के सभी नेशनल हाइवे पर सुविधाओं को बेहतर बनाने की पूरी कोशिश कर रहा है। इसके लिए परिवहन मंत्रालय 570 रोड साइड एमेनिटीज बना रहा है। इनमें से 170 के लिए टेंडर दिये जा चुके हैं और काम भी शुरू हो गया है और इस साल के अंत तक ये काम पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनका टारगेट राजमार्ग के हर 50 किलोमीटर पर एक सुविधा केंद्र बनाने का है। इवेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री ने 'देश चालक' नाम की एक बुक को अनवील किया। ये किताब भारतीय ड्राइवर्स को सम्मान देने के लिए लिखी गयी है।


















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**